हरियाणा विधान सभा

की

कार्यवाही

4 सितम्बर, 1984

खण्ड 2, अंक 2

अधिकृत विवरण

विशय सूची

मंगलवार, 4 सितम्बर, 1984

पृश्ठ संख्या

स्थगित तारांकित प्र न एवं उत्तर	(2)1
तारांकित प्र न एंव उत्तर	(2)7
नियम 45 के अधीन सदन की मेज पर रखे गऐ तारांकित प्र नों के लिखित उत्तर	(2)23

वैयक्तिक स्पश्टीकरण–	
1. चौधरी देवी लाल द्वारा	(2)70
2. मुख्य मंत्री द्वारा	(2)72
3. सिंचाई तथा बिजली मंत्री द्वारा	(2)73
4. चौधरी देवी लाल द्वारा	(2)74
5. श्री मंगल सैन द्वारा	(2)78
6. ि ाक्षा राज्य मंत्री द्वारा	(2)79
7. सहकारिता तथा डैरी विकास मंत्री द्वारा	(2)80
8. मुख्य मंत्री द्वारा	(2)81
विभिन्न विशयों का उठाया जाना	(2)83
ध्यानाकर्शण प्रस्ताव– हरियाणा में बाजरे की फसल को हुए भारी नुक्सान संबंधी	(2)86
वक्तव्य– मुख्य मंत्री द्वारा उपर्युक्त ध्यानाकर्शण प्रस्ताव संबंधी	(2)86
अध्यक्ष द्वारा घोशणा– ध्यानाकर्शण/नियम 84/स्थगन/मूल प्रस्तावों पर लिए गए	(2)89

निर्णयों संबंधी	
वर्श 1984–85 के सप्लीमैंटरी एस्टीमैटस (पहली कि त) पर चर्चा तथा मतदान	(2)101
बैठक का समय बढ़ाना	(2)114
वर्श 1984–85 के सप्लीमैंटरी एस्टीमैटस (पहली कि त) पर चर्चा तथा मतदान (पुनरारम्भ)	(2)114
बिल्ज– 1. दि महर्शि दयानन्द यूनिवर्सिटी (अमैंडमैंट) बिल 1984	(2)117
बैठक का समय बढ़ाना	(2)124
दि महर्शि दयानन्द यूनिवर्सिटी (अमैंडमैंट) बिल 1984 (पुनरारम्भ)	(2)124
बैठक का समय बढ़ाना	(2)130
दि महर्शि दयानन्द यूनिवर्सिटी (अमैंडमैंट) बिल 1984 (पुनरारम्भ)	(2)131
2. दि पंजाब सिक्योरिटी आफ लैंड टैन्योर्ज (हरियाणा अमैंडमैंट) बिल 1984	(2)133

हरियाणा विधान सभा,

मंगलवार, 4 सितम्बर, 1984

विधानसभा की बैठक, हरियाणा विधान सभा हाल, विधान भवन, सैक्टर–1, चण्डीगढ में प्रातः 9.30 बजे हुई। अध्यक्ष (सरदार तारा सिंह) ने अध्यक्षता की।

स्थगित तारांकित प्र न एवं उत्तर

श्री अध्यक्षः आनरेबल मैम्बर्ज, अब सवाल होंगे।

We will begin with question No. 736, which was deferred from the list of starred questions for the 3rd September 1984 for today and thereafter the list of starred questions for today, the 4th September 1984 will be taken up Smt. Chandravati.

चौधरी ओम प्रका ाः उनके बिहाफ पर–737

श्री अध्यक्षः पहले सवाल नं0 736 होगा। क्या आपको उन्होंने सवाल पूछने के लिए आथोराइज किया है ?

चौधरी ओम प्रका ाः जी हां। औथौरिटी की एक काफी मैंने आपको भिजवा दी है और एक मेरे पास है।

श्री अध्यक्षः वह तो ठीक है लेकिन कल जो बातें उन्होंने कहीं उनका डिसप्लेयर भी क्या आप ही रिसीव करेंगे ?

चौधरी ओम प्रका ाः मुझे तो सवाल पूछने के लिए उन्होंने औथौराइज किया हैं

श्री अध्यक्षः कल उनका सवाल इसलिए डैफर किया गया था क्योंकि उनका गिला था कि उनके सवाल को तोड मरोड कर पे ा किया गया है।

चौधरी ओम प्रका ाः इसे कल तक आप डैफर कर दीजिए।

श्री अध्यक्षः रोज रोज डैफर नहीं हो सकता। उन्होंने ओरिजनल क्वै चन जो लिख कर भेजा था वह इस प्रकार है –

"क्या लोकल सैल्फ गवर्नमैंट कृपया बताएंगे कि जिलेवार 81–82, 82–83, 83–84 में कसबों व नगरों कितनों में सीवरेज सिस्टम का काम यिका और कितनों में मरम्मत की और इन कामों पर आइटमवाइज (हयूम पाईपस ऐटसैटरा) ऊपर लिखे सालों में कितना खर्च हुआ व कितने की तोडफोड हुई ?"

इस क्वै चन का इंगलि ा में जो ट्रांसले ान हुआ है वह आपके सामने है। दहिया साहब आप भी इसको पढ कर देख लीजिए और मुझे बता दीजिये कि इसमें कितनी कमी है।

डा0 भीम सिंह दहियाः इनको उन्होंने आज की लिस्ट के क्वै चनज को पूछने के लिए औथौराइज किया है। इस प्र न को आप कृपया कल के लिए डैफर कर दीजिए।

श्री कंवल सिंहः इस क्वै चन में उन्होंने यह भी पूछा है कि हयूम पाईपस आदि की ब्रेकैज कितनी हुई है लेकिन इन्होंने इस बात का जवाब नहीं दिया है।

श्री अध्यक्षः उनका कहना यह था कि उनके क्वै चन को तोड मरोड करके गलत ढंग से बनाया गया है।

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): उन्होंने विधान सभा सचिवालय के स्टाफ पर भी ऐलीगे ान लगाया था।

श्री अध्यक्षः मैंने इसे डैफर ही इसलिए किया था कि ताकि मैं यह देख सकूं कि विधानसभा सैक्रटेरिएट के स्टाफ ने तोड मरोड किया है या नहीं। विधान सभा के स्टाफ ने तो जितना इन्होंने सवाल दिया था उससे ज्यादा बेहतर बना कर दिया है। इसलिए विधान सभा सैक्रिटेरिएट के स्टाफ को बगैर किसी बात के कंडैम करना ठीक बात नहीं है। कम से कम लीडर आफ दी अपोजी ान अगर बिना सोचे समझे और अपने लिखे हुए के बरखिलाफ बात कहें तो अच्छा नहीं लगता।

क्या आप चाहते हैं कि इस सवाली को टेक अप किया जाए ?

श्री मंगल सैनः जरूर टेक अप किया जाए।

***736. Smt. Chandravati:** Will the Chief Minister be pleased to state-

(a) the districtwise number of towns and cities in the State where the work of laying sewarage system and repairs of the existing sewerage system has been completed during the years 1981-82, 1982-83 and 1983-84 separately; and

(b) the item wise (hume pipes etc.) amount of expenditure incurred on the works, as referred to in part (a) above, separately during the same years togetherwith the details of such items as were damaged due to breakage ?

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल):

(क) सूचना सदन के पटल पर अनुबंध 1 पर प्रस्तुत है ।

(ख) सूचना सदन के पटल पर अनुबंध 2 पर प्रस्तुत है ।

अनुबन्ध 1

अतिरिक्त 3 नगरों में पूर्ण किये गये आंि ाक मल निकास कार्य का ब्यौरा वर्श सहित निम्न प्रकार है :–

क्र0 सं0	जिला	1981–82	1982–83	1983–84
1	सोनीपत	1 (गोहाना)		
2	हिसार		1 (टोहाना)	
3	अम्बाला			1 (नारायणगढ)
मौजूदा मल निकास की मुख्य मुरम्मत का किया गया कार्य निम्नलिखित है :–				
क्र0 सं0	जिला	1981–82	1982–83	1983–84
1	भिवानी		1 (भिवानी)	1 (भिवानी)
2	जीन्द	1 (नरवाना)	1 (नरवाना)	1 (नरवाना)

अनुबन्ध – 2

मल निकास कार्य को आंि ाक रूप से पूर्ण करने के लिये मद अनुसार किये गये खर्चे का ब्यौरा निम्नलिखित है :–

(रूपये लाखों में)

क्र0 सं0	जिला	भाहर का नाम	मद का ब्यौरा	1981–82	1982–83	1983–84
1	सोनीपत	गोहाना	डिसपोजल कार्य तथा पाईप/ईटों का नाला	2.19	1.16	1.52
2	हिसार	टोहाना	(क) एस0 डब्ल्यू0 पाईप (ख) डिस पोजल कार्य	2.49 0.25	3.05 1.53	 0.75
3	अम्बाला	नारायणगढ़	एस0 डब्ल्यू0 पाईप	6.07	4.60	

मौजूदा क्षतिग्रस्त मल निकास स्कीम की मुख्य मुरम्मत का खर्च निम्नलिखित है :–
(रूपये लाखों में)

क्र0 सं0	जिला	भाहर का नाम	मद का ब्यौरा	1981–82	1982–83	1983–84
1	भिवानी	भिवानी	(क) ईंटों का नाला		0.20	0.26

			(ख) डिसपोजल कार्य		0.37	
2	जीन्द	नरवाना	(क) ईंटों का नाला (ख) डिसपोजल कार्य	0.11 0.33	0.37	0.26

चौधरी ओम प्रका ाः स्पीकर साहब, मुझे तो इसका रिप्लाई ही नहीं मिला है। उसके बगैर मैं सप्लीमैंटरी क्वै चन कैसे पूछ सकता हूं ?

चौधरी भजन लालः जवाव तो कल ही टेबल पर रख दिया गया था

श्री अध्यक्षः आपको जब सवाल करने की औथौरिटी मिली है तो साथ में कागज भी मिले होंगे।

श्री हीरा नन्द आर्यः स्पीकर साहब, भिवानी में जो सीवरेज का काम हुआ था वह जगह जगह धंस गया है। कई बार तो जान माल का नुकसान भी हो चुका है। क्या मुख्य मंत्री जी वहां हुए काम के बारे में जांच करवाएंगे और जो आदमी गलत काम करने के दोशी पाए जाएं उनके खिलाफ कार्यवाही करेंगे ?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, भिवानी में सीवरेज 1930 से हैं। ज्यों ज्यों आबादी बढती है सीवरेज का काम आगे बढाना पडता है। अगर माननीय सदस्य को किसी पर्टिकुलर जगह के बारे में, व्यक्ति के बारे में या अधिकारी के बारे में कोई एतराज है तो ये लिख कर भेजें। उसकी हम जरूर इंक्वायरी करेंगे। (विघ्न) अगर कहीं सीवरेज खराब हो गया है तो उसे ठीक कराना सरकार का कर्त्तव्य है और यह उसे ठीक कराएगी।

श्री हीरा नन्द आर्यः वह नीचे धंस रहा है।

चौधरी भजन लालः धंसने के कई कारण हैं। जब सीवरेज डाला गया था उस समय वाटर लैवल 40 फुट था लेकिन अब वाटर लैवल सिर्फ 15 फुट पर आ गया है। सीवरेज जब डाला गया था तो पाईप 20 फुट नीचे डाली गई थी। लेकिन अब वहां पानी पहुंच गया है। इसलिये हो सकता है कि कहीं जगह बैठ गई हो। उसका सरकार इंतजाम करेगी ताकि वह ठीक हो जाए।

श्री भले रामः स्पीकर साहब, गोहाना में 1981–82 में 2. 19 लाख, 1982–83 में 1.16 लाख और 1983–84 में 1.52 लाख रूपये पारि ासल सीवरेज सिस्टम के लिए खर्च किए गए। इसके अलावा वहां की मार्किटिंग कमेटी ने पब्लिक हैल्थ डिपार्टमैंअ के पास 20 लाख रूपए जमा करवा रखे हैं। क्या मुख्य मंत्री जी वहां सीवरेज के काम को तेजी से करवायेंगे ताकि मल व्यवस्था ठीक हो सके।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, चन्द्रावती जी ने जो सवाल पूछा है उसके जवाब में मैंने बताया है कि गोहाना, टोहाना और नारायणगढ में सीवरेज का काम भुरू किया गया था तथा वर्श 1981–82, 1982–83 और 1983–84 में जितना पैसा खर्च किया गया है उसकी डिटेल्ज भी जवाब में दी गई है। गोहाना के बारे में इन्होंने जो फिगर्ज बताई हैं वे बिल्कुल सही हैं लेकिन मैं सदन को बताना चाहता हूं कि आगे भी हम इन भाहरों की जरूरत के मुताबिक और पैसा देंगे ताकि इनकी स्कीम्ज जल्दी कंप्लीट हो जाएं।

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, मुख्य मंत्री जी ने जो जवाब दिया है वह हमारे पास है। सवाल का बी पार्ट में पढना चाहूंगा। इसमें लिखा है –

"The itemise (hume pipes etc.) amount of expenditure incurred on the works, as referred to in part (a) above, separately during the same years togetherwith the details of such items as were damaged due to breakage."

इसका कोई जवाब मुख्य मंत्री जी ने नहीं दिया। क्या इसके बारे में ये कोई रो ानी डालेंगे ?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, इन्होंने जो तीन भाहरों के बोर में सवाल पूछा है उनमें हयूम पाईपस लगे ही नहीं, इसलिये इसका मैं क्या जवाब दें ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब मैं इस सवाल के बी पार्ट को फिर पढ कर सुना देता हूं–

"The itemise (hume pipes etc.) amount of expenditure incurred on the works, as referred to in part (a) above, separately during the same years togetherwith the details of such items as were damaged due to breakage."

इसमें और आइटम्ज का भी जिक्र है। उन पर कितना खर्चा लगा है, कितने उनमें से टूट गये हैं, क्या मुख्य मंत्री महोदय वह खर्चा बतायेंगे ?

चौधरी भजन लालः वहां पर स्टोन वेअर पाइपस लगे हैं, हयूम पाइपस नहीं लगे हैं। जब वहां पर हयूम पाइपस लगे ही नहीं, तो खर्चा किस चीज का बतायें।

श्री मंगल सैनः स्पीकर साहब, बहिन जी ने सवाल तो मुख्तसर सा पूछा था लेकिन बहुत ही अच्छा सवाल पूछा है। मुख्य मंत्री जी ने अपने जवाब में कहा है कि केवल तीन भाहरों में सीवरेज का काम हुआ है। मैं उन्हें बताना चाहूंगा कि केवल तीन भाहरों में ही नहीं हुआ है बल्कि रोहतक भाहर में भी सीवरेज का काम सन 1983–84 में हुआ है। इन्होंने यह भी कहा था कि पानी का लेवर ऊपर आ गया था इसलिये वहा ंपर सीवरेज पाइपस टूट गई। क्या मुख्य मंत्री महोदय की जानकारी में यह बात है या ऐक्सपर्टस ने इन्हें बताया है कि इंजीनियरिंग डिपार्टमैंट की बंगलिग की वजह से और ठेकेदारों की बेइमानी की वजह से सीवरेज पाइपस टूटी हैं, औवर फलो हुई हैं या ब्लाके हुई हैं ?

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, डाक्टर साहब बहुत ही काबिल मैम्बर हैं। जब भी कोई बात कहते हैं तो बडी लच्छेदार बात करते हैं और बडे अन्दाज के साथ नमक मिर्च लगा कर करते हैं। आप जानते हैं कि पिछले साल अचानक इतनी ज्यादा बारि ा हुई जिसके कारण रोहतक में पानी भर गया और सीवरेज सिस्टम में कुछ खराबी हो गई। अब आप यह बतायें कि ठेकेदार का इसमें क्या कसूर हैं ?

श्री मंगल सैनः आपने दो इंजीनियर्ज को सस्पैंड किया था और अब उन्हें बहाल कर दिया है।

चौधरी भजन लालः हमने उन्हें बहाल नहीं किया। हाई कोर्ट ने बहाल किया है और इसलिए बहाल किया है कि टाईम पर चार्ज ीट नहीं दी गई थी। अगर बरसात अचानक ज्यादा हो जाये तो थोडी बहुत सीवरेज सिस्टम में खराबी आ ही जाती है जैसा कि पिछले साल रोहतक में हुआ। रोहतक के साथ कोई भेदभाव नहीं हुआ है, वहां पर भी काम चल रहा है। यह जो काम किया है यह नया काम भाुरू किया था। वैसे बाकी भाहरों में भी काम चल रहा है। कुल 83 भाहरों में से 41 भाहरों में काम चल रहा है।

तारांकित प्र न एवं उत्तर

Expenditure on street lights in the Cities and Towns in the State

***737. Smt. Chandravati:** Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state-

(a) the districtwise amount of expenditure incurred on street lights in towns and cities in the State during the years 1981-82, 1982-83 and 1983-84 separately;

(b) the details of itemwise market price of tubes, chokes and sodium vapour bulbs alongwith the price at which

these were purchased during the period referred to in part (a) above; and

(c) the districtwise value of tubes, chokes and sodium vapour bulbs that got fused during the period referred to in part (a) above, separately ?

Irrigation & Power Minister (Ch. Shamsher Singh Surjewala):

(a), (b) & (c): A statement containing the requisite information is laid on the Table of the House.

Statement

(a) The district wise amount of expenditure incurred on street lights in towns and cities in the State during the years 1981-82, 1982-83 and 1983-84 is as under :-

Name of the Distt.		Expenditure incurred during the year (In Rs.)		
		1981-82	1982-83	1983-84
1	Faridabad	344352	327395	378898
2	Gurgaon	151556	177398	170946
3	Sonepat	173489	355053	245586
4	Hissar	869402	167509	124230
5	Sirsa	90495	191392	98135
6	Bhiwani	131604	133302	138235

7	Jind	133563	105385	94065
8	Mohindergarh	92139	60992	104082
9	Rohtak	94260	56533	98633
10	Karnal	1516182	237480	213768
11	Ambala	280717	88388	42131
12	Kurukshetra	95993	67102	68029

(b) The tubes, Chokes and sodium vapour bulbs are provided by the Panchayats/Municipal Committees/Local Bodies as per the agreement. There is not street light connection at present where the replacement of the above items is done by H.S.E.B. and as such no purchase of tubes, chokes and sodium vapour bulbs were made for street light replacement by the Board.

(c) Question does not arise in view of the 'b' above.

चौधरी ओम प्रका ा: अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ने जो इन्फर्मे ान सदन की टेबल पर रखी है उसमें डिस्ट्रिक्टवाइज फिगर्ज दी हैं कि स्ट्रीट लाईट पर कितना खर्चा हुआ हैं अध्यक्ष महोदय मंत्री जी ने बताया है कि हिसार में सन 1981–82 में 869402 रूपये 1982–83 में 167509 रूपये और सन 1983–84 में 124230 रूपये स्ट्रीट लाईट पर खर्च हुए हैं। सन 1983–84 में स्ट्रीट लाईट का खर्चा घटाा है बढा नहीं। इसमें कुछ घपला पडता है क्योंकि डिवैल्पड भाहरों और कन्ट्रीज में खर्चा बढना

चाहिए न कि घटना चाहिए। इसी तरह से रोहतक के अंदर सन 1981–82 में 64260 रूपये खर्चा हुआ तो सन 1982–83 में घट कर 56533 रूपये आ गया और कुरूक्षेत्र में सन 1982–83 में 67102 रूपये खर्चा हुआ है तो सन 1983–84 में 68029 रूपये खर्चा हुआ यानी कुरूक्षेत्र में तो खर्चा बढ गया परन्तु रोहतक जैसे बडे भाहर में घट गया। इसका क्या कारण हैं ? क्या वहां पर स्ट्रीट लाईट फैसिलिटिज कम अवेलेबल हैं ?

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः स्पीकर साहब 12 जिलों का खर्चा दिया है वह सब वेरी करता है ईयर टू ईयर। यह बिल्कुल एक जैसा नहीं हो सकता। जैसे जैसे जरूरत हुई उसके अनुसार हुआ है। एक साल में कहीं कम हुआ है तो दूसरे साल वहां ज्यादा हुआ है। किसी डिस्ट्रिक्ट से कोई भेदभाव का सवाल ही पैदा नहीं होता। सारे जिलों की इन्फर्मे ान हाउस की टेबल पर रखी हुई हैं किसी के साथ कोई भेद भाव नहीं हुआ है।

श्री मंगल सैनः क्या मंत्री महोदय के नोटिस में आया है कि रोहतक की गलियों में प्रायः लाइट खराब रहती है और लोगों का विचार है कि जो सामान डिपार्टमैंट से सप्लाई किया जाता है वह सामान लगने की बजाये बाहर ही बाहर बिक जाता है ? मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि उस बारे में सरकार ने क्या ऐक ान लिया है ?

चौधरी भाम ेर सिंह सुरजेवालाः अध्यक्ष महोदय, भाहरों और कस्बों में स्ट्रीट लाईट लगाने की नीति इस प्रकार है कि बिजली बोर्ड का म्यूनिस्पिल कमेटी से एग्रीमैंट होता है और ऐग्रीमैंट के मुताबिक इरैक ान का खर्चा उनपसे चार्ज नहीं किया जाता है। जहां तक रिप्लेसमैंट के खर्चे का सम्बंध है जैसे टयूबज चेंज करना या बल्क आदि चेंज करना है यह सब लोकल बाडीज वाले करते हैं। बिजली बोर्ड वाले नहीं करते। बिजली बोर्ड 57 पैसे पर यूनिट के हिसाब से स्ट्रीट लाइट का खर्चा चार्ज करता है। बिजली बोर्ड इस तरह का कोई सामान भी नहीं खरीदता है, लोकल बाडीज खरीदती हैं।

श्री हरि चन्द हुड्डाः स्पीकर साहब रोहतक के अंदर जैसे कि मिनिस्टर महोदय ने फिगर्ज दी हैं उनके अनुसार सन 1982–83 में 56533 रूपये खर्च किये गये जबकि सन 1981–82 में ज्यादा खर्च किये गये थे यानी अगले साल उस पर ज्यादा खर्च करने की बजाये कम खर्च किया गया। स्पीकर साहब मिनिस्टर साहब के नालेज में भी है कि रोहतक के अंदर फलड आता रहा है, वह पानी वहां से रिमूव नहीं हुआ है बल्कि रिडयूस हुआ है। आज के दिन रोहतक की गलियों में लाइट नहीं, किसानों के टयूबवैल्ज पर लाइट नहीं है, लाइट तो रोहतक भाहर के पानी को रिडयूस करने के लिए यूज की जा रही है। इस बिजली से पहले वे पम्पस 36 क्यूसिक पानी फैंकते थे अब वे सौ क्यूसिक या 150 क्यूसिक फैंक देते हैं। पहले रोहतक में पानी सात दिन में घुसता

था अब दो दिन में ही घुस गया है। यह जो आपने रोहतक को बिजली दी हुई है यह तो टयूबवैल्ज और पानी निकालने के लिए भी काफी नहीं है स्ट्रीट लाइट के लिए बहुत ज्यादा बिजली की आव यकता है।

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः रोहतक भाहर में न कोई फ्लड का पानी है और न ही किसी गांव में है। जहां तक स्ट्रीट लाइट का संबंध है, हुडडा साहब रोहतक भाहर में कई सालों से रहते हैं और वहीं पर ही वकालत करते हैं, आजकल ये सदन के मैम्बर भी हैं। ये लोकल बाडी को प्रैस करें कि जो फ्यूज बल्ब हैं उन्हें वह रिप्लेस करें क्योंकि वही रिप्लेस करते हैं हम नहीं करते हैं। जहां पर भी अंधेरा देखें उनसे इस बारे में बात करें।

सेठ राम दास धमीजाः स्पीकर साहब, मैं आपकी मार्फत चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवाला साहब से एक बात पूछना चाहता हूं। अम्बाला जो कि इनके जवाब की स्टेटमैंट में सीरियल नम्बर 11 पर है, में 1981–82 में 280717, 1982–83 में 88388 और 1983–84 में 42131 रूपये खर्चा दिखाया गया है। अगर देखा जाये तो यह खर्चा केवल 15 परसैंट ही रह गया है। मैं इनसे यह जानना चाहता हूं कि अम्बाला के साथ इतनी बेइंसाफी क्यों है ?

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः सर, अम्बाला की फिगर्ज के बारे में मैं यह कहना चाहता हूं कि अम्बाला एक पुराना

डिस्ट्रिक्ट हैं जबकि काफी डिस्ट्रिक्ट नये बने हुए हैं। यह ठीक बात है कि 12 डिस्ट्रिक्टस में से केवल एक दो को छोड कर सबसे कम खर्चा अम्बाला में हुआ है। इसका कारण यह रहा होगा कि जो काम पहले हो चुका है, उस पर दोबारा से खर्चा करने की जरूरत नहीं है। इसके अलावा अब तो सिर्फ रिप्लेसमैंट ही होती होगी। अब यहां पर खर्चा नैचुरली कम आयेगा।

श्री ए0सी0 चौधरीः सर, जब एच0एस0ई0बी0 के साथ म्यूनिसिपल कमेटी का या लोकल बोडीज का एग्रीमैंट होता है, तब उनके बिल कम होने का तो सवाल ही नहीं होना चाहिये। वह तो तभी कम होगा जब उनकी कन्जम्प ान कम होगी क्योंकि ऐग्रीमैंट के मुताबिक सामान लोकल बौडीज ने या म्यूनिसिपल कमेटीज ने देना होता है और उनकी रिप्लेसमैंट बोर्ड ने करनी होती है। रूल्ज यह कहते हैं कि अगर 24 घंटे के अंदर अंदर उस सामान की रिप्लेसमैंट नहीं की जाती है तो सरचार्ज चार्ज किया जा सकता है। मैं इनसे यू पूछना चाहता हूं कि इस खर्चे के कम होने का कारण क्या यह तो नहीं है कि इन लाईटस की रिप्लेसमैंट बोर्ड नहीं कर पाया है। दो सालों से तो खम्भे न होने की वजह से बोर्ड फरीदाबाद में स्ट्रीट लाईट भी प्रोवाइड नहीं कर पाया है। क्या इस बारे में वे कोई कैटेगोरिकल ऐ योरैंस देंगे ?

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः सर, इनका यह कहना कि रिप्लेसमैंट न होने की वजह से बिजली के बिल कम आने लगे होंगे, यह तो जनरल और वेग सी बात है। अगर इनको कोई बात

पता हो तो बतायें कि इनके टाउन में जो अथौरिटील है, उसने टयूब्ज और बल्बज सप्लाई कर दिये हों और बिजली बोर्ड ने लगाये न हों। इनकी यह बात ठीक है कि लोकल बाडीज या म्यूनिसिपल कमेटीज सामान मुहैया करती हैं और बिजली बोर्ड के आदमी उसको रिप्लेस करते हैं मैं यह बात पहले कह चुका हूं कि उन लाइटस की रिप्लेसमैंट करवाना बिजली बोर्ड की जिम्मेवारी नहीं है। यह तो लोकल बौडीज या म्यूनिसिपल कमेटीज की अपनी डियूटी है। बिजली बोर्ड की डियूटी सिर्फ लाईन्ज करनी है। एक तो वह यह बतायें कि फलां जगह पर स्ट्रीट लाईटस प्रोवाईड नहीं की गयीं हालांकि वहां की म्यूनिसिपल कमेटी ने दरख्वास्त दे रखी है। फिर मैं देख लूंगा।

श्री ए0सी0 चौधरीः सर, फरीदाबाद काम्पलैक्स एडमिनिस्टे ान ने 700 प्वायंटस के लिये दो साल पहले बोर्ड को लिखा था। बोर्ड ने यह कहा कि हमारे पास खम्भे नहीं हैं। आखिरकार उनका यह म्युचुअल ऐग्रीमैंट हुआ कि खम्भे वहां की ऐडमिनिस्ट्रे ान खरीद कर दे देगी लेकिन उसकी पेमैंट बाद में ऐडजस्ट कर ली जायेगी। दो साल पहले खरीदे हुए खम्भे आज रोड साईडज पर पडे हुए हैं। इनके पास अब कंडक्टर्ज या कुछ दूसरी आईटम्ज नहीं हैं जिसकी वजह से यह वहां पर प्वायंटस नहीं दे रहे हैं। यह उस एग्रीमैंट का पार्ट है कि म्यूनिसिपल कमेटी या लोकल बोडी इनको मैटीरियल सप्लाई करेगी और यह उस मैटीरियल को लगायेंगे।

श्री अध्यक्षः आप तो स्टेटमैंट दे रहे हो। आप सिम्पल सा क्वै चन पूछ लीजिये।

श्री ए0सी0 चौधरीः सर, मैं क्वै चन ही पूछ रहा हूं। खम्भे तो फरीदाबाद ऐडमिनिस्ट्रे ान द्वारा खरीदे पडे हैं लेकिन अब भी ये वहां पर प्वायंटस नहीं दे रहे हैं। लिहाजा मैं यह पूछना चाहता हूं कि क्या यह उस म्युचुअल ऐग्रीमैंट की वायले ान नहीं हो रही है। जहां तक ऐग्रीमैंट की बात यह करते हैं उस ऐग्रीमैंट में यह कवर्ड है कि बिजली बोर्ड सामान की रिप्लेसमैंट करेगा। क्या यह बिजली बोर्ड के पार्ट पर फाल्ट नहीं है और अगर है तो क्या इसे रैक्टीफाई करने की कोि ा ा करेंगे ?

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः सर, वर्टीकल खम्भे लगाने का काम तो बिजली बोर्ड खुद करता है। अगर किसी जगह पर या किसी एरिया में स्ट्रीट लाईट न हो तो खम्भे लगाने का काम बिजली बोर्ड का है। आज पहली बार चौधरी साहब मेरे नोटिस में यह बात लाये हैं। आज से पहले इन्होंने न कभी मुझे कहा, न कभी चिट्ठी लिखी और न ही कभी यहां पर बताया। मैं इनको यह बताना चाहता हूं कि हम जल्दी से जल्दी वहां पर खम्भे इरैक्ट करने के लिये बिजली बोर्ड को कहेंगे।

चौधरी नेकी रामः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से एक बात मंत्री महोदय के नोटिस में लाना चाहता हूं। भाखडा नहर के टूटने की वजह से और वक्त पर पानी न बरसने की वजह से

लोगों को भारी परे ाानी उठानी पडी है। इसी वजह से जमींदार वक्त पर बिजली के बिल्ज पे नहीं कर सके और उनके कनैक ान काट दिये गये हैं। क्या मंत्री महोदय ऐसे लोगों के कनैक ान जिनके कनैक ान बिल पे न करने की वजह से काट दिये गये हैं, बिना उनके किसी खर्चे के फिर से लगवाने की कृपा करेंगे ?

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः सर, सिरसा और फतेहाबाद के इलाकों में दोनों दफा जब इस बी0एम0एल0 का कट हुआ तो हमने 24 घंटे बिजली दी है। बाकी सब जगह बिजली कम करके इस इलाके में हमने 24 घंटे बिजली दी है। (व्यवघान व भाोर) जब हमने उनको 24 घंटे बिजली दूसरी जगहों से कट करके दी है, यह अगर बिजली के बिल भी न पे करें तो यह ठीक बात नहीं है। जहां तक इनके बिल न पे करने की वजह से डिस कनैक ान की बात है, वह तो कायदे के मुताबिक ही री कनैक्ट हो सकते हैं।

श्रीमती भाारदा रानीः यहां पर बताया गया है कि कुछ सामान न होने की वजह से स्ट्रीट लाईटस नहीं लगायी जा रही है। स्पीकर साहब जब भी हम फरीदाबाद कनैक ान लेने के लिये बात करते हैं, चाहे वह स्ट्रीट लाईट हो, या घर की लाईट हो या टयूबवैल के लिये कनैक ान की बात हो या डोमैस्टिक कंजम्प ान के लिये लाईट की बात हो, हमें यह कहा जाता है कि ट्रांसफार्मर्ज पर आलरैडी लोड ज्यादा है, और ट्रांसफार्मर्ज लगने पर आपको कनैक ान दिया जा सकेगा। मैं इनसे यह पूछना चाहती हूं कि

क्या यह बात इनके नोटिस में है ? कल सवेरे ही एक सवाल के जवाब में यह बताया गया है कि 46 ट्रांसफार्मर्ज फरीदाबाद में रिप्लेस होने के लिए पडे हुए हैं जिनके कारण जिनको कनैक ान मिले भी हुए हैं उनको भी बिजली नहीं मिल रही है। क्या मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि नये ट्रांसफार्मर्ज कब तक वहा ंपर देने की कृपा करेंगे ताकि वहां पर लाईटस की व्यवस्था हो सके ?

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः सर, हमारे यहां सारी स्टेट में कुल 40000 कंज्यूमर ट्रांसफार्मर्ज हैं सर्किलवाईज अगर देखा जाये तो फरीदाबाद सर्किल में 36 ट्रांसफार्मर्ज कुल होंगे। एक बात मैं और कहना चाहता हूं कि ये जो ट्रांसफार्मर्ज वहां पर रिप्लेस होने हैं, यह कोई 2–3 हफ्ते पुराने ही होंगे, इससे फालतू समय के नहीं होंगे।

एक आवाजः तीन साल पहले के हैं।

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः तीन साल पहले के नहीं हैं। एक महीने से ज्यादा का कोई ट्रांसफार्मर हरियाणा में डैमेज्ड नहीं है। यह हो सकता है कि किसी टयूबवैल को कनैक ान देने के लिये ऐप्लीके ान तीन साल से पैंडिंग पडी हों। उसके लिये भी सरकार ने यह फैसला किया है और बिजली बोर्ड को यह डायरैक ान दे दी गयी है कि नवम्बर तक एक साल से ज्यादा पुरानी जिसकी एप्लीके ान टयूबवैल कनैक ान के लिये

पैंडिंग पडी हों, उन सबको कनैक ान अगली फसल की बिजाई से पहले पहले दे दिया जाये।

डा0 भीम सिंह दहिया: स्पीकर साहब, मंत्री महोदय ने हिसार जिले के बारे में जो आंकडें दिये हैं, वे इस तरह से हैं कि 1981–82 में 869402 रू0 1982–83 में 167509 रू0 और 1983–84 में 124230 रू0 खर्च हुए। क्या इस खर्चे के अंदर कमी होने का कारण यह तो नहीं है कि इन दो सालों में बिजली ही बहुत कम मिली है या इसके अलावा कोई दूसरा कारण है।

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवाला: सर, इस खर्चे में एनर्जी चार्जिज तो बहुत कम होते हैं। (विघ्न) इसमें अकेले एनर्जी चार्जिज ही नहीं है, दूसरे खर्चे इरैक ान वगैरा के भी भाामिल हैं। हिसार एक बहुत बडा टाउन है, वहां पर आर्मी काम्पलैक्स भी है, एच0एस0ई0बी0 की कालोनी भी है, यूनिवर्सिटी भी है। वहां पर स्ट्रीट लाईटस के अलावा दूसरे खर्चे भी हैं। ऐसे खर्चे तो केवल एक बार ही होते हैं, बार बार नहीं होते। ऐसी चीजें तो कई सालों के बाद ही टूटती हैं और उनको रिप्लेस करने के लिये बहुत देर बाद ही खर्चा करना पडता है।

10.00 बजे।

चौधरी देवी लाल: स्पीकर साहब, ऐसा लगता है मिनिस्टर्ज को गलत बयान देने की ट्रेनिंग दी जा रही है। मिनिस्टर महोदय ने कहा कि चौबीस घंटे बिजली सिरसा, हिसार

और फतेहाबाद में दी जा रही थी। हालत यह है कि राजस्थान कैनाल से पानी उठाकर कुछ नहरों में डालना था लेकिन वहां बिजली नहीं थी और वह पानी नहीं डाला जा सका। टयूबवैल्ज की भी यही हालत है कि वहां पर कोई बिजली नहीं दी गई। क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सच नहीं है ?

चौधरी भाम ेर सिंह सुरजेवालाः स्पीकर साहब, चौधरी साहब अपने इलाके में बहुत कम जाते हैं, ज्यादातर तो ये रोहतक और सोनीपत में रहते हैं। मैं खुद वहां पर गया था जहां पर पानी लिफ्ट हो रहा था और वहां पर पूरी बिजली दी जा रही थी तथा पूरा पानी लिफ्ट हो रहा था। स्पीकर साहब, सिरसा और फतेहाबाद के इलाके को चौबीस घंटे बिजली देने के आदे ा बोर्ड को दिए थे और बीस घंटे निरन्तर बिजली वहां दी गई है। अगर कोई लाइन टैम्परेरी खराब हो गई हो तो दूसरी बात है।

चौधरी देवी लालः स्पीकर साहब, मैं खुद जाकर वहां से आया हूं वहां पर कोई बिजली नहीं थी। जब भाखडा की नहर टूटी उस समय मैं वहां पर था। मैंने इनको कहा कि वहां जाकर देखो पांच दस गांव तो बचाए जा सकते हैं। अबूब भाहर में 17 पम्प लगे हुए हैं लेकिन वहां पर बिजली नहीं है।

श्री हीरा नन्द आर्यः मंत्री महोदय ने कहा है कि चौबीस घंटे बिजली दी गई। स्पीकर साहब, यह सच्चाई से दूर की बात

है। स्पीकर साहब, स्ट्रीट लाइट किसी गांव में भी नहीं है। इन्होंने जवाब में कहा है कि वर्तमान समय में ऐसा स्ट्रीट लाईट कनैक ान कहीं भी नहीं है जहां पर कि उपरोक्त मदों को हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड बदलता हो इसलिए बोर्ड द्वारा कोई भी खरीद नहीं की जाती। स्पीकर साहब, पोजी ान यह है कि पंचायत एक रूपया पर मंथ पर मीटर चार्ज करती हैं। क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि रिप्लेसमैंट पंचायतों द्वारा की जाती हैं या बिजली बोर्ड द्वारा की जाती हैं ? दूसरी बात यह है कि इन्होंने तीन साल का लाइट स्ट्रीट का खर्चा बताया है। क्या मंत्री महोदय बताने की कृपाच करेंगे कि इसमें से भाहरों पर कितना खर्च किया गया और गावों में कितना खर्च किया गया ?

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः स्पीकर साहब, गांव में बिजली लगाने का कायदा इस प्रकार है। पंचायतें स्ट्रीट लासट के बारे में रैजोल्यू ान पास करती हैं। यह रैजोल्यू ान दरखास्त ट्रीट करके गांव में स्ट्रीट लाइट लग जाती है। इसका खर्चा गांव वालें को नहीं देना पडता। मतलब यह है कि स्ट्रीट लाइट लगाना फ्री आफ चार्ज है। पहले इस बारे में नीति यह थी कि एक रूपया पर कंज्यूमर पर मंथ चार्ज करते थे और यह इन ल्यू आफ अनर्जी चार्जिज रिप्लेसमैंट और मैंटीनैंस चार्जिज था लेकिन चुंकि बहुत से गांवों में स्ट्रीट लाइट लगी थी उनसे भी यह चार्ज किया जा रहा था इसलिए छः आठ महीने पहले सरकार ने इस पर पुनर्विचार किया और बिजली बोर्ड को आदे ा दिया कि जहां बिजली नहीं है

और एक रूपया चार्ज किया जा रहा है। वह चार्ज न किया जाए। जब स्ट्रीट लाइट चालू हो जाएगी तो एक रूपया पर कंज्यूमर चार्ज कर लिया जाएगा।

दूसरी बात यह है कि पहले छः से पन्द्रह के बीच एक गांव में स्ट्रीट लाइट के प्वायंट लगाए जाते थे। सरकार ने यह समझा कि यह उचित नहीं है क्योंकि बहुत से गांव बहुत बडे हैं। पन्द्रह बल्क से वहां कुछ नहीं हो सकता। अब बीस घर पर एक बल्ब के हिसाब से स्ट्रीट लाइट लगाते हैं चाहे गांव में सौ बल्ब लग जाएं।

स्पीकर साहब, हरियाणा में 7152 गांव हैं और 4100 गांवों में स्ट्रीट लाइट लग चुकी हैं और बाकी के गांवों की पंचायतें जैसे जैसे प्रस्ताव पास करके दरखास्तें देंगी स्ट्रीट लाइट लगा दी जाएगी। इन ल्यू आफ अनर्जी चार्जिज, रिप्लेसमैंट और मैंटीनैंस चार्जिज एक रूपया पर कंज्यूमर चार्ज करते हैं और यह तभी चार्ज करते हैं जब कि स्ट्रीट लाइट वहां पहुंच जाती है।

Book written by DPI (Schools) Haryana

***733 Ch. Sahab Singh Saini:** Will the Minister of State for Education be pleased to state-

(a) whether any book has been written by Sh. K.C. Sharma, former DPI (Schools) Haryana;

(b) whether the books, as referred to in part (a) above, if any written was written witht the permission of the State Government, if any required, if not, the reasons therfor; and

(c) whether the book, as referred to in part (a) above, has been prescribed for compulsory purchase for any of the schools in the State; if so, details of all such schools ?

Minister of State for Education (Sh. Jagdish Nehra):

(a) Yes.

(b) Yes.

(c) No.

चौधरी साहब सिंह सैनीः मंत्री जी ने पार्ट सी के जवाब में कहा है 'नहीं'। प्र न का सी पार्ट यह था, "क्या ऊपर के भाग क में यथा निर्दिश्ट पुस्तक राज्य के किन्हीं स्कूलों में जरूरी खरीदने के लिए निर्धारित की गई है, यदि ऐसा है तो ऐसे सभी स्कूलों का ब्यौरा क्या है ?" क्या मंत्री जी बताने की कृपा करेंगें कि यह किताब स्कूलों में कम्पलसरी लगी है या नहीं लगी है ? अगर लगी है तो वे इस किताब में से कोई पेज या कोई पैरा पढकर बताएं कि इसमें कहीं कोई करैक्टर बिल्डिंग की बात है ? स्पीकर साहब, यह किताब पिछले सात स्कूलों में लगाई गई है और सभी स्कूलों में लगी हुई है और पंचायतों में लगी है। क्या मंत्री जी बताएंगे कि इसका क्या कारण है ?

श्री अध्यक्षः उन्होंने पहले ही कह दिया है कि लगी नहीं है।

श्री जगदी ा नेहराः स्पीकर साहब, यह किताब कम्पलसरिली नहीं लगी है। स्कूल्ज में जो किताबें खरीदी जाती हैं उनकी ऐप्रव्ड लिस्ट पर यह किताब है। 1983–84 में स्कूलों और लाइब्रेरीज के लिए किताबें ऐप्रूव कराने लिए कमेटी के पास 149 ऐप्लीके ांज आई थीं और उनमें से 48 किताबें ऐप्रूव की गई। इसलिए यह किताब ऐप्रूव्ड लिस्ट पर है लेकिन इसका खरीदना कम्पलसरी नहीं है।

चौधरी साहब सिहं सैनीः क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि इस किबात में ऐसी क्या बात है जिसको देखकर यह ऐप्रूव्ड लिस्ट पर लाई गई है ?

श्री जगदी ा नेहराः स्पीकर साहब, इसमें करैक्टर बिल्डिंग वाली कोई बात नहीं है। लखमी चन्द हरियाणा के अच्छे बाने वाले और सांगी हुए हैं। और सोनीपत तथा रोहतक आदि में ही नहीं बल्कि हर डिस्ट्रिक्ट में इनके सांग काफी म ाहूर हैं और इनकी म ाहूरी को देखते हुए यह किताब ऐप्रूव्ड लिस्ट पर लाई गई।

चौधरी कुलबीर सिंह मलिकः क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि स्कूलों, कालेजिज और डिस्ट्रिक्ट लाइब्रेरीज में कुल कितने अमाउंट की और कितनी किताबें खरीदी गई ?

श्री जगदी ा नेहराः स्पीकर साहब यह किताब मिडल स्कूल, हाई स्कूल और हायर सैकेन्डरी स्कूलों के लिए ऐप्रूव की गई हैं। कालेजिज और प्राईमरी स्कूलों के लिए ऐप्रूव नहीं की गई है। स्पीकर साहब, मैं एक बात क्लीयर कर दूं कि हरेक स्कूल की अपनी इच्छा है कि वह इस किताब को खरीदे या न खरीदे। इस किताब के खरीदे जाने की डिस्ट्रिक्टवाइज फिगर्ज मेरे पास हैं और वह मैं बता देता हूं।

जिला वाइज जो किताबें खरीदी गई वे इस प्रकार हैं :—

एन0सी0ई0आर0टी0 गुड़गांव	40 किताबें
जिला अम्बाला	373
जिला करनाल	111
जिला हिसार	212
जिला सिरसा	5
जिला सोनीपत	8
जिला कुरूक्षेत्र	7
जिला रोहतक	142

जिला महेन्दगढ़	70
जिला भिवानी	71
जिला जीन्द	217
जिला गुड़गांव	197
कुल	1453

श्री निहाल सिंहः स्पीकर साहब, इसका कारण क्या है कि यह औथर जिस जिस जिले में डी0सी0 रहा है वहां तो यह किताब कम बिकी हैं और जहां इनके बारे में किसी को पता नहीं था वहां ज्यादा खरीदी गई हैं।

(इस प्र न का उत्तर नहीं दिया गया।)

श्री हीरा नन्द आर्यः क्या मंत्री महोदय जी बताएंगें कि इस किताब की कीमत कितनी है ?

श्री जगदी ा नेहराः इस किताब की कीमत 100 रूपयेम है लेकिन 30 प्रति ात कम करके 70 रूपये में खरीदने के लिए ऐप्रूव की गई थी।

चौधरी रो ान लाल आर्यः अध्यक्ष जी, मंत्री महोदय से मैं आपके माध्यम से जानना चाहता हूं कि इस किताब के बिकने से

कुल कितनी इंकम हुई और उसमें से सरकार को कितना मिला ? दूसरी बात यह है कि जिस प्रदे ा में सरकार बच्चों के लिए पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध न करा सके तो क्या वह हरियाणा के बच्चों को सांग पढ़ाना चाहती है ?

श्री जगदी ा नेहराः इसमें बच्चों को पढाने वाली बात नहीं है। जो किताब ऐप्रूवड लिस्ट में आती है उसे चार साल तक स्कूल अपनी लाइब्रेरी के लिए खरीद सकता है और उस किताब को जो बच्चा चाहे पढ सकता है। इसमें पाठ्यक्रम वाली कोई बात नहीं है।

श्री वीरेन्द्र सिंहः क्या मंत्री जी बताएंगें कि किताबों को ऐप्रूव करने के लिए जो कमेटी बनी थी उसके मैम्बर कौन कौन थे ? दूसरे क्या उस समय इस किताब का औथर डी0पी0आई0 स्कूल्ज था। तीसरे जो कमेटी टीचिंग इंस्टीच्यू ंज के लिऐ किताबें ऐप्रूव करती है उसका क्या क्राइटेरिया है ? क्या वह सांग, भांड भैडेले, मरासियों, डूब ढलों के मजाक को ऐप्रूव करती है इस पर रो ान डालें ?

श्री जगदी ा नेहराः अधयक्ष महोदय जो किताब ऐप्रूव की जाती है वह अलग अलग विशय की होती है जिसकी लिस्ट बनी हुई है। जो लोग जिस विशय में ऐक्सपर्ट होते हैं उस विशय की किताब ऐप्रूव करवाने के लिए उन्हीं लोगों को भेजी जाती हैं। इस किताब को ऐप्रूव करने के लिए तीन आदमियों की कमेटी थी।

एक तो मि0 मधोक हैं जो साहित्य अकादमी के डायरैक्टर थे, दूसरे पब्लिक रिले ांज के श्री सत्य पाल गुप्ता थे और तीसरे गवर्नर साहब के पी0आर0ओ0 श्री मदहो ा थे। उस कमेटी ने यह किताब ऐप्रूव की। उस समय औथर डी0पी0आई0 थे। कमेटी द्वारा किताब ऐप्रूव होने के बाद डी0पी0आई0 की चेयरमैनि ाप में वह किताब ऐप्रूव होती है। लेकिन इस केस में उस डी0पी0आई0 ने चेयरमैनि ाप नहीं की बल्कि ज्वायंट डायरैक्टर श्री ढिल्लों की चेयरमैनि ाप में यह किताब ऐप्रूव हुई थी।

Damage to Crops due to breach in Bhakra Canal

***740 Ch. Balvir Singh Grawal, Sh. Managl Sein, Sh. Fateh Chand Vij:** Will the Minister of State for Revenue and Home be pleased to state-

(a) whether the breach in Bhakra Canal in June 1984 has caused any damage to any crop in the State;

(b) if so, the extent of damage caused;

(c) whether there is any proposal under consideration of the Government to give compensation to the affected farmeer; and

(d) if so, per amount of compensation likely to be paid to such farmers ?

Minister of State for Revenue (Sh. Lachhman Dass Arora):

(a) Yes, Sir.

(b) About rS. 200.00 crores

(c) & (d)- A financial memorandum has been submitted to the Government of Inida for seeking cental assistance to provide relief ot the affected farmers. Cash compensation to the farmers has also been proposed. The grant of compensation would, therefor, depend on the amount sanctioned by the Government of India.

चौधरी बलबीर सिंह ग्रेवालः स्पीकर साहब मेरे प्र न के जवाब में मंत्री जी ने बताया है कि दो बार भाखडा नहर टूटने से हरियाणा के किसानों को 200 करोड रूपये का नुक्सान हुआ है। मैं इनसे जानना चाहता हूं कि आप किसानों को प्रति एकड क्या मुआवजा देंगे ? पंजाब गवर्नमैंट ने अपने किसानों को स्प्रे, पैस्टीसाइडज और फर्टिलाइजर पर सबसिडी दी है। क्या आपकी भी प्रोपोजल है कि इन आइटम्ज पर सबसिडी दी जाए ? पंजाब सरकार ने किसानों को साढे चार करोड दिया है जबकि वहां इतना नुकसान भी नहीं हुआ। हमारी तो पूरी की पूरी फसलें बर्बाद हो चुकी हैं। इसलिये आप बताएं कि प्रति एकड कम्पनसे ान देने की आपकी कितनी प्रोपोजल है और सबसिडी देने की क्या प्रोपोजल है ?

श्री लछमन दास अरोड़ाः अभी जवाब में मैंने माननीय सदस्य को बताया था कि हमने एक मैमोरैंडम गवर्नमैंअ आफ इंडिया को दिया हुआ है। हम कोि ा ा कर रहे हैं कि 500

रूपये फी एकड कपास का मुआवजा दिया जाए। यह प्रोपोजल बना कर हमने गवर्नमैंट आफ इंडिया को भेजी हुई है। जब सैंट्रल गवर्नमैंट हमें फाइनैंि ायल असिस्टैंस देगी उसके बाद हम किसानों को पेमैंट कर देंगे।

चौधरी बलबीर सिंह ग्रेवालः यह आइटम तो हरियाणा गवर्नमैंट की है। फर्टिलाइजर, पैस्टीसाइड और स्प्रे पर सबसिडी देने के बारे में तो ये खुद डिसाइड कर सकते हैं लेकिन यह कहते हैं कि जब सैंट्रल गवर्नमैंट की तरफ से पैसा आएगा तब फैसला कर देंगे।

श्री लछमन दास अरोड़ाः सैंट्रल गवर्नमैंट से पैसा आने के बाद साथ साथ यह भी डिसाइड कर लेंगे।

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब मंत्री जी ने जवाब के सी और डी भाग में यह लिखा है कि इन्होंने कोई फाइनैंि ायल मैंमोरैंडम सैंट्रल असिसटैंस सीक करने के लिए भारत सरकार को सबमिट किया हुआ है और जो पैसा वहां से इनको मिलेगा उसके हिसाब से कम्पनसे ान देंगे। क्या मंत्री महोदय की नालेज में है कि अभी लोक सभा का जो सै ान चल रहा था उसमें यह सवाल पूछा गया कि क्या आप भाखडा की ब्रीच से हुए नुकसान की वजह से हरियाणा के फारमर्ज को कोई कम्पनेसे ान देना चाहते हैं तो वहां पर मिनिस्टर इंचार्ज ने कैटेगरीकली कहा कि हम किसी प्रकार की असिसटैंस या मुआवजा हरियाणा के फारमर्ज को नहीं देंगें।

इस स्टेटमैंट के होते हुए ये सदन के किसलिये गुमराह कर रहे हैं। क्या ये बताएंगे कि वह स्टेटमैंट इनकी नालेज में है या नहीं ?

श्री लछमन दास अरोड़ाः जहां तक भारत सरकार द्वारा मुआवजा देने का सवाल है, भारत सरकार ने कभी मुआवजा नहीं दिया। जो बात पार्लियामैंट की मेरे साथी बता रहे हैं कि उसके बारे में कुछ नहीं बता सकता लेकिन भारत सरकार के साथ इस मैमोरैंडम के विशय में मीटिंग रखी हुई है।

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब अभी मंत्री जी ने फरमाया कि केन्द्रीय सरकार ने इस तरह का मुआवजा आज तक नहीं दिया। यह मिनिस्टर कंसर्न्ड का स्टैंड है। लेकिन दूसरत तरफ ये स्वयं कह रहे हैं कि सैंट्रल गवर्नमैंट के साथ हमारी मीटिंग हो रही है। पता नहीं उस मीटिंग में ये सैंट्रल गवर्नमैंट से क्या लेंगे ? एक तरफ तो ये कह रहे हैं कि हमारी सैंट्रल गवर्नमैंट के साथ मीटिंग हो रहीह है और दूसरी तरफ ये कहते हैं कि सैंट्रल गवर्नमैंट की किसानों को इस तरह को कोई मुआवजा देने की पालिसी नहीं है। ये खुद यहां पर स्टेट गवर्नमैंट की तरफ से मुआवजा देने की अनाउंसमैंट क्यों नहीं करते ? यदि स्टेट गवर्नमैंट किसानों को कोई मुआवजा देगी तो वह अपने खजाने से देगी। मंत्री जी सैंट्रल गवर्नमैंट का नाम लेकर सदन को गुमराज क्यों कर रहे हैं ?

श्री लछमन दास अरोड़ाः स्पीकर साहब जहां तक मुआवजा देने का सवाल है उसके बारे में मैंने सदन को गुमराह नहीं किया है। मैं अपने माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि हमने भारत सरकार को इस बारे में सहायता देने के लिए एक मैमोरैंडम दिया है। इसके अलावा हमने भारत सरकार से एस0वाई0एल0 नहर को मुकम्मल करवाने के लिए 40 करोड रूपया मांगा है। हमने भारत सरकार को कहा है कि अगर एस0वाई0एल0 नहर मुकम्मल हो जाती तो आज हरियाणा में फसलों का इतना नुकसान नहीं होता। हमने 8–10 आइटम्ज बनाकर सैंट्रल गवर्नमैंट के सामने पे ा की हैं।

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, एस0वाई0एल0 नहर का मामला बीच में कैसे आ गया ? वह तो अलग मामला है। ये अपने स्टेट के खजाने में किसानों को मुआवजा क्यों नहीं देते ?

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्यों की बात बिल्कुल ठीक है। भाखडा मेन लाइन के दो बार तोडे जाने के कारण हरियाणा प्रांत में फसलों को बहुत भारी नुकसान हुआ है। खास करके हरियाणा के तीन जिलों में ज्यादा नुकसान हुआ है। सिरसा, हिसार और जींद तीन जिले हैं जिनके अंदर कपास की बोआई आधी से भी कम हो पाई है। हमने इस बारे में भार सरकार को लिखा है कि जिन किसानों को कपास की फसल की बोआई कम हुई है उनको कुछ न कुछ मुआवजा जरूर मिलना चाहिए। हमने भारत सरकार को जो

मैमारैंडम दिया है उसके आंकडों के बारे में मैं हाउस को बताना चाहूंगा। हमने भारत सरकार को हरियाणा प्रांत के किसानौं को 51 करोड रूपए मुआवजा देने के लिए लिखा है और यह भी लिखा है कि हरियाणा प्रांत के किसानों को सवा दस लाख एकड जमीन की फसल का मुआवजा दिया जाए। एक एकड जमीन की फसल का मुआवजा 5 सौ रूपए के हिसाब से 51 करोड रूपये बनता हैं इसके अलावा मैं माननीय सदस्यों को यह भी बताना चाहूंगा कि भारत सरकार हमें कितना पैसा देगी इस बारे में मैं खुद प्रधान मंत्री से मिला हूं और हमारे अधिकारीगणी की सैंट्रल गवर्नमैंट के अधिकारियों के साथ तीन दफा मीटिंग हो चुकी है। अभी तक उन्होंने मुआवजा देने के बारे में फाइनल फैसला नहीं लिया है। हमें पूरा भरोसा है कि सैंट्रल गवर्नमैंट हमारी पूरी सहायता करेगी। सैंट्रल गवर्नमैंट जिनते पैसे की सहायता करेंगी उतना पैसा हम अपने किसानों को दे देंगे ताकि किसानों को राहत मिल सके। इसके अलावा खाद और बीज पर भी सबसिडी दी जाएगी। इसके अलावा सिरसा, हिसार और जींद के किसानों को बैंकों का कर्जा और तकावी की वसूली मुलतवी कर दी गई है ताकि किसानों को कुछ राहत मिल सके। आप जानते हैं कि पिछले सालों में भी फसलों का नुकसान होता रहा है और हम उस समय किसानों की जितनी मदद कर सकते थे उतनी मदद करने में हमने कोई कसर बाकी नहीं छोडी। आज की सरकार जितनी मदद किसानों की कर सकती है वह आप सबको मालूम है। आप यह भी जानते हैं कि जब तक भारत सरकार से कोई

सहायता नहीं मिलती है तब तक स्टेट गवर्नमैंट कैसे सहायकता कर सकती है। आपको मालूम है कि पिछले सालों में भी ओले पडे थे, जिसके कारण फसलें खराब हो गईं थी और ठण्डी हवा चलने के कारण भी फसलें खराब हो गई थी उस समय भी यह सरकार किसानों की जितनी मदद का सकती थी उतनी मदद की थी और आगे भी यह सरकार किसनों की पूरी सहायता करेगी।

श्री मंगल सैनः स्पीकर साहब, मुख्य मंत्री जी ने राजस्व मंत्री जी की मदद की है और कहा है कि माननीय सदस्यों की यह बात ठीक है कि हरियाणा की जनता हरियाणा के किसान और इस हाउस के मैम्बरान हरियाणा में फसल की बरबादी के कारण बहुत नाराज और क्षुब्द हैं। उन्होंनं यह भी कहा है कि इन्होंने भारत सरकार को फसल के नुकसान के बारे में कोई मैमोंरैंडम दिया है कि इनको मुआवजा देने के लिए इतना रूपया दिया जाए और जितना पैसा भारत सरकार से इनको मिलेगा वह ये किसानों को बांट देंगे। स्पीकर साहब, ये पैसा तो पता नहीं कितना बाटेंगे क्योंकि हमे ा ही बांटते रहे हैं लेकिन मैं कहता हूं कि मुख्य मंत्री जी की यह मोस्ट इवेसिव रिप्लाई है। स्पीकर साहब, भाखडा मेन लाइन को टूटे हुए दो महीने हो गऐ जिसके कारण हरियाणा में सारी फसल तबाह हो गई। मैं आपके द्वारा मुख्य मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या आपकी सरकार ने हरियाणा के किसानों को कोई मुआवजा देने के लिए स्टेट लैवल पर कोई डिसीजन लिया ? इसके अलावा मैं इनसे यह भी जानना चाहूंगा कि जो

सवाल चोधरी वीरेन्द्र सिंह जी ने पूछा था उसको इन्होंनें कैटेगोरीकली डिनाई कर दिया जरा उस पर भी रो ानी डाल दें। इसके अलावा मैं यह भी कहना चाहूंगा कि आतंकवादियों ने भाखडा मेन लाइन को दो बार तोडा। क्या आपने उसके बारे में सैंट्रल गवर्नमैंट को लिखा कि इस प्रकार के वाक्यात दोबारा न हों। हरियाणा की लाइफ लाइन डैमेज न हो उसके लिए आपने क्या कदम उठाए हैं ?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, इन्होंने इस बारे में काल अटैं ान मो ान भी दी हुई है। उसका जवाब देते समय हम सारी बातें कहेंगे। लेकिन मैं इतना जरूर कह सकता हूं कि भाखडा मेन लाइन के टूटने से भाायद डाक्टर साहब को तकलीफ कम हुई होगी।

श्री मंगल सैनः मुझे तकलीफ कम क्यों हुई ?

चौधरी भजन लालः क्योंकि आपके जिले में भाखडा नहर का पानी बहुत कम जाता है। (ाोर एवं विघ्न)

प्रो0 सम्पत सिंहः भाखडा नहर टूटने से आपका क्या वास्ता है ? (ाोर एवं विघ्न)

चौधरी भजन लालः मेरे पास आप से ज्यादा जमीन है और मैं आपसे ज्यादा खेती करता हूं। (ाोर एवं विघ्न) अध्यक्ष महोदय, मैं यह कह रहा था कि जहां तक भाखडा मेन लाइन के टूटने का ताल्लुक है उससे हरियाणा के किसानों के साथ बहुत

जुल्म हुआ है और अन्याय हुआ है। उस कट को बंधवाने के लिए हमने भारत सरकार के साथ 10 दफा मीटिंग की है, 10 दफा ही पंजाब के राज्यपाल महोदय के साथ मीटिंग की है। इसके अलावा हमारे सीनियर अधिकारी भी मौके पर गए हैं। सिंचाई तथा बिजली मंत्री चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवाला जी भी लगभग 10 दफा मौके पर जाकर आए हैं। इसके अलावा मैं पंजाब सरकार को बिना बताए दो बार अपने रिसक पर मौके पर जा कर आया हूं। (ाोर एवं विघ्न) अध्यक्ष महोदय, मेरे अपोजी ान के भाई किस बात के लिये किसानों के ठेकेदार बनते हैं ? इन्होंने एक दिन भी यह नहीं कहा कि पंजाब वालोंने हरियाणा के किसानों के साथ अन्याया किया है। ..... (ाोर एवं विघ्न)

श्री अध्यक्षः मगरमच्छ वाली बात रिकार्ड न की जाए।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, विरोधी पक्ष के भाई तो यहां तक कहते हैं कि पंजाब में अकालियों की सरकार बननी चाहिए। (विघ्न) आज ये कहते हैं कि पंजाब में अकालियों की सरकार बननी चाहिए उसके बावजूद भी ये हरियाणा के हितों की रक्षा की बात करते हैं। चौधरी देवी लाल जी हाउस में बैठे हैं। ये पब्लिक स्टेटमैंट देते हैं कि पंजाब में अकालियों की सरकार बनाई जाए। जो पार्टी भाखडा मेन लाइन को तोडे , जो पार्टी यह कहे कि फाजिल्का अबोहर और चण्डीगढ हमारा ही है उस पार्टी के लिए यह कहें कि पंजाब में उस पार्टी की सरकार बना दी जाए। फिर ये हरियाणा के लोगों की क्या रक्षा करेंगे ? जहां तक

भाखडा नहर के टूटने का ताल्लुक है उसको बांध कर मुकम्मल किए जाने के लिए हम पंजाब सरकार के बडे आभारी हैं। पंजाब सरकार ने दिन रात एक करके भाखडा नहर को बांधा है। पांजब के इरीगे ान डिपार्टमैंट के चीफ इंजीनियर श्री गिल हैं, उन्होंनें उस नहर को बंधवाने में बडा भारी योगदान दिया है। उसके लिए हरियाणा की जनता उनका आभार प्रकट करेगी। उन्होंने बहुत थोडे समय में उस नहर को बंधवा दयिा। भाखडा नहर के बांधने में हरियाणा का एक भी पैसा खर्च नहीं हुआ, सारा खर्च पंजाब सरकार ने दिया है। (ाोर) मेरे विरोधी भाईयों को यह भी नहीं पता कि उस नहर को बंधवानें में पैसा कहां से खर्च किया गया है ? उस नहर की बंधाई पर सारा पैसा पंजाब सरकार का खर्च हुआ है। पंजाब सरकार के अधिकारियों ने उस नहर को बंधवाया है और हरियाणा सरकार के सीनियर अधिकारी भी मौके पर जा कर देखते रहे हैं कि काम ठीक चल रहा है या नहीं। जब नहर पहली बार टूट गई थी उसको ठीक समय पर बांध कर मुकम्मल करा दिया गया था और दोबारा टूटने पर ठीक समय पर बांध दिया गया है। पंजाब के राज्यपाल महोदय भी तीन चार बार मौके पर गए और नहर बंधवा दी। भाखडा नहर बांध कर मुकम्मल कर दी गई है और उसमें 6 हजार क्यूसिकस पानी चालू हो गया है और अगले तीन दिनों में पूरा नहीं छोड दिया जाएगा। वह नहर 12 हजार क्यूसिकस पानी की कैपेसिटी की है। अगले तीन दिनों में पूरा पानी उसमें छोड दिया जाएगा और चार पांच दिन के अंदर

टेल तक पानी पहुंच जाएगा। मेरे विरोधी पक्ष के भाईयों को गलत बात कहने का और गलत प्रचार करने का कोई अधिकारी नहीं है।

चौधरी देवी लालः स्पीकर सावहब, जहां तक भाखडा मेन लाइन के टूटने का सवाल है उसके बारे में मैं यह कहना चाहूंगा कि हमारी सरकार इतनी निकम्मी है कि उसको बांध कर तैयार नहीं करवा सकी। मैंने इनको कई बार सुझाव दिए हैं कि अगर राजस्थान कैनाल और भाखडा नहर को बचाना है तो जिस जिस इलाके से भाखडा नहर गुजर रही है उन्हीं इलाकों के लोगों को भर्ती करके एक स्पै ाल भाखडा प्रोटैक ान फोर्स खडी करनी चाहिए। भाखडा मेन लाइन के टूटने से जितना दुख हरियाणा के लोगों का है उतना पंजाब के लोगों को नहीं है। इसके अलावा इन्होंने यह कहा कि मैंने यह कहा है कि पंजाब में अकालियों की सरकार बननी चाहिए। मैं इस बारे में आज हाउस के सामने भी कहता हूं कि पंजाब में अकालियों की सरकार होनी चाहिए। जिस पाटी का बहुमत हो उसी पार्टी की सरकार होनी चाहिए। मैं कहता हूं कि पंजाब में बादल, तलवंडी और टोहरा की पार्टी की सरकार बननी चाहिए। मैंने यह बात पब्लिकली कही है और आज हाउस में भी कहता हूं कि पांजब में अकाली पार्टी की सरकार बननी चाहिए क्योंकि उनका बहुमत है। (ाोर)

Mr. Speaker: Hon'ble Members, the Question Hour is over.

नियम 45 के अधीन सदन की मेज पर रखे गए तारांकित

प्र नों के लिखित उत्तर

Repair of School Building at Sampla

***767. Smt. Basanti Devi:** Will the Minister of State for Education be pleased to state-

(a) whether any school building at Sampla is in a dilapidated condition; if so, the steps, if any, taken or porposed to tbe taken to repair such building;

(b) whehter any alternative arrangements have been made for holding the classes of the school, referred to in part (a) above; if so, the details thereof; and

(c) whether any village school buildings in Hassangarh Constituency damaged due to floods, have been repaired during the years 1983-84 and 1984-85 (to-date); if so, the names of the villages where such repaired buildings are located ?

ि ाक्षा राज्य मंत्री (श्री जगदी ा नेहरा):

(क) जी, हां। राजकीय उच्च विद्यालय सांपला का भवन खस्ता हालत में है जिसकी मुरम्मत नहीं की जा सकती।

(ख) छठी से दसवीं श्रेणी के विद्यार्थियों के लिए छः नये कमरे बनाये जा चुके हैं। प्राथमिक कक्षाएं राजकीय प्राथमिक

पाठ ाला अनाज मंडभ में ि ाफ्ट करके दोहरी पारी में कक्षाएं लगाई जा रही है।

(ग) राजकीय उच्च विद्यालय खरावड, राजकीय उच्च विद्यालय इस्माईला तथा राजकीय उच्च विद्यालय हसनगढ़ में वर्श 1983–84 तथा 1984–85 के दौरान कुछ तत्कालिक प्रकृति मुरम्मत कराई गई।

Purchase of Italian Donkeys

***744. Dr. Bhim Singh Dahiya:** Will the Minister for Animal Husbandry be pleased to state-whether there is any proposal under consideration of the Government for the purchase of Italian Donkeys; if so, the purpose thereof ?

पशुपालन राज्य मंत्री (चौधरी लाल सिंह): जी नहीं।

श्री मंगल सैनः अगर आप कहते हैं तो मैं बोलना बंद कर देता हूं। यह बात कहने की तो गुंजाइ ा ही नहीं है। यह सप्लीमैंटरी एस्टीमैंटस है, I know it very well. I am quite relevant and to the point. I am talking about page 8 of th Supplementary Estimates (First Instalment) 1984-85. जो बात मैं कह रहा हूं उसको रैंफ्रैंस सप्लीमैंअरी एस्टीमैटस के पेज नं0 8 पर है। एक करोड रूपया रोहतक भाहर की डिवैल्पमैंट के लिए दिया गया है। अगर मैं किसी बात को रिपीट करता हूं तो आप बे ाक टोक दीजिए। अगर मैं कहीं पर कड़ी तोडूं या काई दूसरा सिलसिला भाुरू करूं तो आप कह सकते हैं क्योंकि मैं ऐसी ही समझ का आदमी हूं। हां डिप्टी स्पीकर साहब, मैं कह रहा था कि हमारा भाहर बहुत पुराना है और बहुत अच्छे लोग वहां पर रहते रहे हैं। आबादी निरन्तर बढ़ रही है और लोग सैट हो रहे हैं। इतनी बड़ी आबादी के लिए केवल दो वाटर वर्कस हैं। दो लाख की आबादी है और इन दो वाटर वर्कस से पीने का पानी पूरा नहीं हो सकता। यहां पर पीने के पानी की समस्या है और जब वर्शा आ जाए तो पानी निकालने की समस्या है। सीवरेज का बहुत बुरा

हाल है, पता नहीं किस किस ठेकेदार ने सीवरेज का काम किया है। सारे भाहर का बुरा हाल कर रखा है। इस काम के लिए जो रूपया दिया है, वह बहुत अच्छा है, अगर इस पैसे का राईटली यूटिलाइजे ान हो जाता है तो कुछ न कुछ सुधार हो सकता है लेकिन इस बात का आपको ख्याल रखना चाहिए। इसके साथ ही साथ अगर आप अर्बन एरिये के अंदर एन्वायरनमैंअ इम्प्रूव करना चाहते हैं तो मेरा आपसे नम्र निवेदन है कि यह रूपया बहुत थोडा है। इस वक्त नगरपालिकाओं की ऐसी द ाा है, कि वे भाहरों को सुधार ही नहीं सकती। डिप्टी स्पीकर साहब, मुझे समझ नहीं आती कि नगरपालिकाओं का प्रबन्ध नगर पिताओं के जिम्मे क्यों नहीं लगाते ? क्यों नहीं सरकार चुने हुए मैम्बरों के जिम्मे लगाती ? हमारे भूतपूर्व प्रधान मंत्री इलाहाबाद नगरपालिका के सदस्य थे। पौड़ी दर पौड़ी चढते हुए वे हिन्दुस्तान के वजीरेआजम बने, उनकी बिटिया बनी और अब उनके बैटे की तैयारी हो रही है। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं कहना चाहता हूं कि नगरपालिका डैमोक्रेसी का ट्रेनिंग ग्राउंड है। नगरपालिका का प्रबन्ध नगरपिताओं के जिम्मे लगाने में क्या संकोच है ? डिप्टी स्प0ीकर साहब, जनता अना नुमाइंदा चुन कर नहीं लगा सकती। ऐडमिनिस्ट्रेटर ठोके हुए हैं। हमारा एक नुमाइंदा भला काम कर रहा था लेकिन वह महामंत्री बन गया, वे रोहतक के रनहे वाले हैं और कल रेडियों पर उनकी चर्चा हो रही थी। डिपटी स्पीकर साहब, मैं पर्सनल बातों में जाने से संकोच करता हूं, लेकिन ये खुद कह रहे थे कि वे निकम्मा आदमी ले आये हैं। अब चुनाव हो जाए तो पीछा छूट जाए।

लेकिन अगर फिर ये किसी घसीटू को ही ले आयें तो बात वहीं की वहीं रह जाएगी। एक घसीटू को हटाओ और दूसरपे को लगाओ, इसका कोई फायदा नहीं, बात वहीं की वहीं रह जाती है। (व्यवधान) डिप्टी स्पीकर साहब, हरिजन कल्याण निगम ने मैटाडोर, आउटो रिक ाा, फोर व्हीलर खरीदने के लिए सरकार ने रोहतक भाहर के हरिजनों को स्पै ाल असिस्टैंस दी है, लेकिन रोहतक भाहर में मै।ने कोई हरिजन भाई नहीं देखा जिसने यह सहायता लेकर थ्री व्हीलर लिया हो। हां, इनकी संख्या दो सौ, पौने दो सौ जरूर हो गई है लेकिन हरिजन भाई मैंने कोई नहीं देखा जिसके पास थ्री व्हीलर हो। मुझे 25 हजार की असिस्टैंस देने का पता लगा है। जिसको सहायता दी है, वह इन्हीं की पार्टी का आदमी है। अगर मैं नाम लेकर कह दूं तो इनकी पार्टी के आदमी कह देंगे कि साहब, ये ऐसी बातों पर आते हैं। वह आदमी तो जग जाहिर है, नाम लेने की जरूरत नहीं है। डिप्टी स्पीकर साहब, अगली बात हाउसिंग प्रौब्लम की है। इस काम के लिए हुड्डा तो बना हुआ है लेकिन वह पंगु कर दिया गया है। देहली आप त ारीफ ले जाएं। वहां से बड़खल लेक नहोने के लिए त ारीफ ले जाएं रास्तें में आप देंखे कि बडे बडै ऐडवर्टाइजमैंअ के बोर्ड लगे हुए हैं। पता नीं कंसल या कौन कौन से बडे बडे कंसर्न्ज हैं जिनको लाईसैंस दे रखे हैं। दुनिया भर की मैगजींज में उनके ऐडवर्टाइजमैंटस छपते हैं। गरीब आदमियों को वे मकान नहीं लेने देते। इन्होंने तो कौलोनाइजर्ज की जेबों में हुड्डा को बेचकर रख दिया है। डिप्टी स्पीकर साहब, अप्रैल के आखिरी दिनों में मैं

वि ोश कार्यवश सै ान में नहीं आ सका था। उन्हीं दिनों यहां पर एक प्रस्ताव पास कर दिया गया कि स्पैशल ने ानल डिवैल्पमैंट एरिया बनाया जाएगा और उसका सारा कंट्रोल सैंटर से होगा। उसके बारे में ज्यादा न कहते हुए मैं सरकार से यही कहना चाहता हूं कि रोहतक वालौं को उनके हकों से वंचित न रखा जाए।

चौधरी रो ान लाल आर्य (छछरौली): उपाध्यक्ष महोदय, अर्बन डिवैल्पमैंट के बारे में जो डिमांड नं0 11 है। इसके बारे में मैं यह कहना चाहूंगा कि भाहरों की नगरपालिकाओं को जो पैसा दिया जाता है उसका सदुपयोग होता है या दुरूपयोग इसकी भी किसी न किसी तरह जांच करनी चाहिए। पिछले दिनों जमुना नगर की नगरपालिका के अधिकारी के खिलाफ नागरिकों ने एक मैमोरैंडम दिया, सरकार ने विजिलैंस डिपार्टमैंट से उसकी इंक्वायरी करवाई और उस अधिकारी को दोशी पाया गया तथा यह सिद्ध हुआ कि उसने नगरपालिका के धन का गलत इस्तेमाल किया। अभी भी विधान सभा में उस अधिकारी के बारे में एक सवाल आया था लेकिन मुझे सवाल पूछने का समय नहीं मिल पाया परन्तु उस अधिकारी के बारे में रिकार्ड पर यह बात आ गई है कि उसने टेलिफोन की एस0टी0डी0 फैसिलिटी को नगरपालिका के पैसे से इस्तेमाल किया। इसका मतलब यह हुआ कि जो पैसा जनता के काम आना चाहिए था, उस पैसे को व्यक्तिगत सुविधा के लिए इस्तेमाल किया गया। यदि ऐसा ही होना है तो इन बजट

ऐस्टिमैटस को यहां पास करने से क्या फायदा है ? क्या लाभ है ऐसी म्युनिसिपल कमेटीज को पैसा देने का जिनके अधिकारी गैर जिम्मेदारी से उस पैसे को इस्तेमाल करते हैं और विजिलैंस डिपार्टमैंट की रिपोर्ट आने के बावजूद जिनके खिलाफ सरकार कोई कार्यवाही नहीं करती ? इससे स्पश्ट होता है कि यह सरकार भ्रश्ट अधिकारियों को संरक्षण देती है। यदि सरकार ऐसे अधिकारियों को संरक्षण न दे तभी म्यूनिसिपल कमेटीज को पैसा देने का लाभ होगा। इसलिए मैं मांग करता हूं कि जमुनानगर म्युनिसिपल कमेटी का जो अधिकारी दोशी पाया गया है उसके खिलाफ तुरन्त कार्यवाही की जाए। उसके खिलाफ कई और नए चार्जिज भी लगे हैं। मैं चाहूंगा कि उनके बारे में भी सरकार इंक्वायरी करवाए, उस अधिकारी को वहां से तुरन्त बदले या मुअत्तल करे या उसके खिलाफ जो और कोई कानूनी कार्यवाही बनती हो वह करे।

उपाध्यक्ष महोदय, म्यूनिसिपल कमेटीज में बहुत से इलाके ऐसे हाते हैं जहां गरीब लोग रहते हैं। बड़े आदमियों के इलाकों में तो रसूख की वजह से काम हो जाता है लेकिन जहां गरीब आदमी रहते हैं, मजदूर रहते हैं, उन इलाकौं में भी यदि पीने के पानी की व्यवस्था हो, रो ानी की व्यवस्था हो, गलियों की सफाई की व्यवस्था हो तभी इन बजट ऐस्टिमेटस को पास करने का लाभ होगा और जनता को राहत मिलेगी।

इसके बाद उपाध्यक्ष महोदय, मैं समाज कल्याण तथा पुनर्वास से संबंधित मांग संख्या 13 के बारे में कहना चाहता हूं। उजड़े हुए लोगों को बसाने के लिए यह महकमा बनाया गया था लेकिन कानूनी पेचीदगियों के कारण गरीब आदमियों के खिलाफ केस बन गए। गरीब आदमी हाई कोर्ट में नहीं जा सकता। उसे हाई कोर्ट से पहले राहत देने के लिए कोई फोरम नहीं रखा गया है। ये केसिज छोटे कोर्टस की जुरिसडिक ान में भी आने चाहिएं ताकि छोटे लोगों को हाई कोर्ट में ही अपील न करनी पड़े बल्कि लोअर लैवल पर भी अपील करके उन्हें राहत मिल सके।

उपाध्यक्ष महोदय, इसमें कहा गया है कि हरिजनों और पिछड़े वर्ग के लोगों को कल्याण करने वाला जो निगम है उसको पैसे की जरूरत है। लेकिन इसमें यह नहीं बताया गया कि किस किस इलाके के हरिजनों की कठिनाईयों को दूर किया गया है। मैं तो यह कहना चाहता हूं कि जिन लोगों को प्रायरिटी दी जानी चाहिए थी, जिन लोगों को पहले ऊपर उठाया जाना चाहिए था, उनको सरकार ने कोई राहत नहीं दी। मेरे हल्के में ही नहीं बल्कि सारे अम्बाला जिले में बहुत से सब माउंटेनियस इलाके ऐसे हैं जिनके कल्याण के लिए या तो कोई स्पै ाल निगम बनाया जाना चाहिए या कोई खास कदम उठाए जाने चाहिएं। वहां के लोगों को ट्रक देने से या थ्री व्हीलर देने से बात नहीं बनेगी क्योंकि बगैर मकान के तो वे गल कर मर जाएंगे। गर्मियों में इन इलाकों में आग लग जाती है और बरसात में वैसे ही जीवन खतरे में होता

है। उनको तो सबसे पहले मकान आदि की सुविधा देनी पडेगी, रोजगार देने की बात उसके बाद आएगी।

कृशि से संबंधित मांग संख्या 17 के बारे में भी मैं चन्द बातें कहना चाहता हूं। इसमें बैंक स्थापित करने की बात कही गई है। यह ठीक है कि कृशि को बढ़ावा देने के लिए बैंक होने चाहिएं लेकिन देहात के आदमियों को इस संबंध में मार्ग द र्ान की बहुत जरूरत है। बैंकिंग सर्विस में आज काफी गड़बड़ हैं। डिप्टी स्पीकर साहब, बड़ी हैरानी की बात है कि जमुनानगर में मरने के एक साल बाद एक आदमी ने लोन ले लिया, तीन आदमियों की गारंटी दे दी और तीन चौथाई लोन वापिस भी कर दिया। इसी तरह की एक हैरानी की बात और हैं। मेरे हल्के में 26 लाख रूपया मरे हुए आदमियों ने ले लिया है जबकि जीवित लोग लोन लेने के लिए कतार में खड़े हुए हैं। इस तरह की बातें चैक की जानी चाहिए तथा दोशियों को सजा दी जानी चाहिए तभी इन बजट ऐस्टिमेटस को पास करने से लाभ होगा।

चौधरी धीर पाल सिंह (बादली): डिप्टी स्पीकर साहब, मैं मांग नं0 8, 11 और 13 पर अपने विचार रखे चाहूंगा। जहां तक डिमांड नं0 8 का संबंध है, इसमें कहा गया है कि एक व्यक्ति की ऐक्सीडैंट मे मृत्यु की वजह से सरकार को 326775 रूपये देने पडे हैं। डिप्टी स्पीकर साहब, हर सै ान में पी0डब्ल्यू0डी0 (बी0एण्ड आर0) के लिए बहुत सा पैसा पास करवा लिया जाता है लेकिन वह जाता कहां है इस बात का हमें पता नहीं लगता। मैं

इस संबंध में आपके माध्यम से मंत्री जी और वित्त मंत्री जी से दो बातें कहना चाहूंगा। बादली हल्के में पिछली बाढ के दौरान सारी सड़कें तबाह हो गई थीं लेकिन आज तक उनको ठीक करने के लिए कोई पैसा नहीं लगाया गया। पिछली अनुपूरक मांगां और इस बार के बजट का पैसा कहां गया हमें मालूम नहीं हैं वहां न तो रोड़ी डली है, न तारकोल डला है और न ही मिट्टी डाली गई है। कुछ ऐसी सड़कें भी हैं जो 10 साल से बनी हुई हैं लेकिन आज तक किसानों को उनकी जमीन का कम्पनसे ान नहीं दिया गया है। गुड़गांव से बाडसा और डूंडाहेड़ा को जो सड़क आती है वह इसकी एक मिसाल है। उन लोगों को तो दोहरी चपत लगी हुई है। एक तो उनकी जमीन चली गई, दूसरे मुआवजा नहीं मिला। हर बार पी0डब्ल्यू0डी0 के लिए बहुत सी रकम पास की जाती है लेकिन वह पैसा कहां जाता है, किसकी जेब में जाता है, कौन इउसे मिस युटिलाइज करता है, इस बारे में डिप्टी स्पीकर साहब, हम कुछ नहीं कह सकते। डिप्टी स्पीकर साहब, जहां तक भवनों की बात है, उसके बारे में भी मैं थोड़ा सा अर्ज करना चाहा हूं। मेरे हल्के में पिछले साल बाढ़ के कारण से जिन स्कूलों की बिल्डिंगज गिर गई थी उनमें से केवल एक स्कूल की बिल्डिंग का ऐस्टीमेंट बनाया गया। वह ऐस्टीमेट केवल एक लाख रूपये का बनाया गया। जब तक वह ऐस्टीमेट पास होकर आया तब तक उस स्कूल की बिल्डिंग की हालत और भी ज्यादा खराब हो गई। फिर वह ऐस्टीमेट दुबारा बनाया गया और दो लाख रूपये का बनाया गया। जब दो लाख का ऐस्टीमैट पास होकर वापिस आया तो उस

बिल्डिंग की और भी खस्ता हालत हो गई। अब तीसरी बार रिवाइज करके उस ऐस्टीमेट को भेजा गया है। अब आगे पता नहीं उस बिल्डिंग पर क्या लागत आयेगी इस बात का तो उसी समय पता लगेगा जब वह बननी भुरू होगी।

अब मैं मांग नंबर 11 के बारे में अर्ज करना चाहता हूं। मांग नं0 11 के बारे में डाक्टर मंगल सैन जी ने भी कहा कि रोहतक भाहर के लिए एक करोड रूपया दिया गया है। बहुत अच्छी बात है। रोहतक भाहर राजनैतिक तौर पर और दूसरे लिहाज से भी यानी हर स्तर से बड़ा ऊंचा रहा है लेकिन अब उसे हर लिहाज यानी राजनीति के लिहाज से या उसकी डिवैल्पमैंट के लिहाज से नीचे गिरा दिया है। पिछले सै ान में रोहतक भाहर के बारे में चर्चा हुई थी और उसे डिवैल्प करने के बारे में काफी जोर दिया गया था। वहां पर तीन तीन फुट पानी भरा था। छोटू राम पार्क के आसवास तीन तीन फुट तक पानी भरा हुआ था। मुख्य मंत्री जी ने यहां हाउस में बड़ी लम्बी चौड़ी बात की थी कि वहां से पानी निकलवा देंगे लेकिन साल भर तक भी वहां से पानी नहीं निकला। वहां पर पानी निकालने के लिए सीवरेज सिस्टम नहीं है। प्रेम नगर और दूसरे इलाकों में 24 घंटे गन्द सड़ता रहाता है। वहां किसी प्रकार की कोई सुविधा नहीं है। यह जो एक करोड़ रूपया रोहतक भाहर के लिए दिया है, यह हमारा हक है, हम डिजर्व करते थे। यह जो पैसा दिया जायेगा वह रोहतक की सुन्दरीता और पानी को निकालने के लिए दिया जायेगा। अब हमें

यह देखना है कि इस एक करोड़ रूपये को किस जगह पर प्रयोग किया जायेगा। क्या उसका मिस यूटेलाइजे ान तो नहीं होगा। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए सरकार को वह पैसा खर्च करना चाहिए।

मांग नंबर 13 समाज कल्याण के बारे में है। समाज कल्याण की मांग के तहत हरिजनों को टैम्पों और ट्रक खरीदने के लिए पैसा दिया गया। यह सरकार ने इसलिए किया है कि गरीब हरिजन और मजदूर दूसरी मजदूरी के साधन अपना सके लेकिन मैं यह भी कहूंगा कि उन बेचारों को यह पैसा नहीं मिलता है। कर्जा तो बेचारे हरिजन के नाम से लिया जाता है और टैम्पो ट्रक का इस्तेमाल दूसरे लोग करते हैं। हरिजनों को राहत देने के लिये यह सुविधा दी गई है लेकिन उन्हें वह सुविधा नहीं मिल पाती है। योजना तो ठीक है। हरिजनों को ऊपर उठाने के लिए है लेकिन उन्हें ऐक्सप्लायट नहीं किया जाना चाहिए। उसके नाम से कर्जा लेकर उसे दूसरे लोग यूज न करें। हमारे जैसे स्वार्थी आदमी उस कर्जे का प्रयोग करते हैं। इसलिए मेरी आपसे गुजारि ा है कि उस पैसे का मिस यूटेलाइजे ान नहीं होना चाहिए।

मांग नंबर 17 के बारे में भी अर्ज करना चाहता हूं। यह मांग बहुत अच्छी है लेकिन इस पर अमल नहीं हो पाता है। इस बार बाजरे का बीज आया। खराब बीज को अच्छा कह कर लोगों को दिया गया। इस बार जो लोगों को बीज दिया गया वह बहुत लो क्वालिटी का दिया गया। जिन लोगों को वह बीज दिया गया

वह बीज मिला है वह भी पछता रहे हैं और जिन लोगों को नहीं मिला वह कह रहे हैं कि हम अच्छा बीज बोने से वंचित रह गये। जिन लोगों ने यह बीज बोया है उस पर बाल ही नहीं आ रही है। वैसे के वैसे ही बाजरे के पेड़ खड़े हैं कोई बाल नहीं लगी है। इन भाब्दों के साथ मैं अर्ज करूंगा कि ये सप्लीमैंटरी ऐस्टीमैटस पास न किये जायें।

श्री भले राम (बड़ौदा, अनुसूचित जाति): डिप्टी स्पीकर साहब, मैं मांग नंबर 11, 13 और 17 पर बोलना चाहता हूं। करोड़ों रूपया सरकार हरियाणा के विकास पर खर्च करने जा रही है। जहां तक कम्पनसे ान की बात है, गवर्नमैंट ने कोर्ट का फैसला होने के तुरन्त बाद ही दे दिया। कोर्ट के फैसले का एहतराम किया। कोर्ट ने जो भी पैसा बढ़ाया उसे सरकार ने जायज मान कर दे दिया। अच्छी बात हैं

डिप्टी स्पीकर साहब, आप जानते हैं कि रोहतक भाहर सारे हरियाणा में ही नहीं बल्कि सारे दे ा में प्रसिद्ध रहा है। यहां के लोग बहादुर होते थे .....। यह बहुत ही पुराना भाहर है।

श्री उपाध्यक्षः यह बात रिकार्ड न की जाये।

श्री भले रामः आज रोहतक बरबाद हो रहा है। इसके पीछे भी कुछ कारण हैं कि यह भाहर इतना पिछड़ा क्यों रहा ? (विघ्न) तीस चालीस साल से वहां से ऐसा नुमाइंदा बनता आया

जिसने कभी भी उस भाहर के लिए आवाज नहीं उठाई। अगर नाम भी मैं उनका ले दूं तो कोई गलत बात नहीं होगी। डाक्टर मंगल सैन जी वहां से कई सालों से चुन कर आते रहे परन्तु कभी रोहतक की डिवैल्पमैंट के बारे में आवाज नहीं उठाई।

श्री मंगल सैनः उपाध्यक्ष महोदय, ये सरासर गलत कह रहे हैं। इन्होंने डिबेट को पढ़ा नहीं। मैंने रूल 84 के तहत मो ान दिया था। हाउस में झूठ बोलना पाप है।

श्री भले रामः डिप्टी स्पीकर साहब, जब ये पावर में होते हैं उस वक्त नहीं बोलते। पावर में न होते हुए बोलते हैं। (ाोर एवं विघ्न)

श्री हरि चन्द हुड्डाः आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। चौधरी भले राम जी रोहतक के बारे में बोल रहे हैं। रोहतक के बारे में जितना मुझे पता है और किसी भी सदस्य को पता नहीं है। डाक्टर साहब भी बहुत अच्छे मौहल्ले में रहते हैं। मैं ही ऐसा हूं जो गरीब पंजाबी और हरिजनों के मौहल्ले में रहता हूं। वह बिल्कुल सड़ा हुआ मौहल्ला है। उन लोगों को रिलीफ दिया जाये। भले राम जी भी गोहाना में कोठी बना कर बैठ गये हैं। मैं रोहतक का बाि ान्दा हूं। मुझे उन लोगों की तकलीफों का सबसे ज्यादा पता है। (विघ्न)

श्री भले रामः डिप्टी स्पीकर साहब, सरकार ने यह महसूस किया कि इस ऐतिहासिक नगर की स्थिति को सुधारा

जाये। आज तक मेरे ख्याल में किसी भी सरकार ने इस भाहर के लिये 4 करोड़ 70 लाख रूपये देने की बात नहीं की होगी लेकिन इस सरकार ने इसके लिये इतना पैसा देने के लिए प्रोग्राम बनाया है। आज तक कितनी ही सरकारें आयी हैं, लेकिन किसी सरकार ने इतना पैसा यहां पर खर्च नहीं किया होगा। पिछली बार बजट डिस्क ान के समय इस सरकार ने एक करोड़ रूपया रोहतक भाहर के लिये सैंक ान किया था। क्योंकि सारा पैसा एकदम से तो खर्च नहीं किया जा सकता इसलिये पहले इसके 10 लाख रूपया दिया गया था और अब बाकी का 90 लाख रूपया देन के लिए भजन लाल जी की सरकार ने कदम उठाया है। यह सरकार यह समझती है कि चाहे किसी का इलाका हो, कोई भी पिछड़ा हुआ इलाका हो या जरूरतमंद भाहर हो, उसका विकास किया जाना चाहिये। वहां का सीवरेज का सिस्टम टूटा हुआ है और वहां की सड़कें टूटी हुई हैं। इन कामों के लिये सरकार ने पैसा दिया है। यह बिल्कुल जायज है। इसके साथ ही मैं यह भी कहना चाहता हूं कि सीवरेज के बोर में कल एक सवाल के जवाब में यह भी बताया गया था कि हरेक डिस्ट्रिक्ट के लिये किस प्रकार से सीवरेज सिस्टम का काम चालू किया जा रहा है। इसके लिए गोहाना का भी जिक्र आया। गोहाना के लिये 38 लाख रूपये की लागत की एक मास्टर प्लान है। मार्किट कमेटी ने पब्लिक हैल्थ डिपार्टमैंट को 20 लाख रूपया जमा भी करवा दिया है। उस पर काम चल भी रहा है लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि उस काम को तेजी से किया जाना चाहिए।

इसके साथ ही मैं सो ाल वैल्फेयर के बारे में भी कहना चाहता हूं। यह महकमा गरीब आदमियों के बारे में सरकार की नीति बनाता है ताकि उन लोगों का जो बिलो दी पावर्टी लाईन हैं, उनका विकास किया जाये व उनका उत्थान किया जाये। ऐसे लोगों की तरक्की के लिये, वि ोशकर हरिजनों के उत्थान के लिये, यह महकमा अनेक स्कीमें बनाता है। जैसे रिक ाा खरीदने के लिये और मैटाडोर आदि खरीदने के लिये। इसके अलावा हरिजन कल्याण निगम 100 परमिट ट्रक्स के भी देगा। इसके अतिरिक्त स्पै ाल कम्पोनेंट प्लान में सैंट्रल गवर्नमैंट की भी मदद आती है। हरियाणा सरकार भी उसमें हिस्सा डालती है। बहुत सी ऐसी स्कीमें हैं, जो यह सरकार चला रही है ताकि इनको समाज के दूसरे वर्गों के बराबर लाया जा सके। मैं एक बात हरिजन कल्याण निगम के बारे में कहना चाहूंगा। हरिजन कल्याण निगम जो पैसा मंजूर करती है, उस पैसे को बैंको से लेने में काफी कठिनाई पे ा आती है। हरिजन कल्याण निगम तो पैसा मंजूर करके बैंकों के पास ऐप्लीके ान भेज देती है लेकिन वहां पर प्रोसीजर बहुत लम्बा है। मेरा इस बारे में एक सुझाव यह है कि सरकार गारंटर खुद बनें हम कई बार देमखते हैं कि हरिजन कल्याण निगम ने ऐप्लीके ान मंजूर करके भेज दी लेकिन ऐप्लीकैंट को पैसा नहीं मिला। पैसा बैंक के पास पड़ा होता है लेकिन वह लैप्स हो जाता है। इसलिये मैं यह कहना चाहता हूं कि यदि हरिजन कल्याण निगम किसी ऐप्लीकैंट को पैसा मंजूर कर दे तो उसको पैसा जरूर मिलना चाहिये। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं

अन्त में इन डिमान्डज का समर्थन करता हूं और यह प्रार्थना करता हें कि इनको पास किया जाये।

चौधरी ओम प्रका ा (बेरी): उपाध्यक्ष महोदय, सप्लीमैंटरी ऐस्टीमैटस की फर्स्ट इन्सटालमैंट हाउस में पे ा की गयी और उस पर चर्चा चल रही है। मैं उसका विरोध करने के लिये खड़ा हुआ हूं। सबसे पहले मैं डिमांड नं0 8 बिल्डिंग्ज एण्ड रोडज के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। इसके मद नं0 1 स्वर्गीय ई ा भूटानी के डैथ कम्पनसे ान के बारे में है। इस केस में सुप्रीम कोर्ट का फैसला 2.2.1984 का है। सरकार के पास काफी समय था। इस अमाउंट का प्रोवीजन बजट प्रोपोजल्ज में कर सकती थी लेकिन जान बूझकर हाउस का समय बरबाद करने के लिये सप्लीमैंटरी एस्टीमेटस के जरिये इस पेसे को मांगा गया है। यह एक अच्छी परम्परा नहीं है। इस पैसे का प्रोवीजन बजट प्रोपोजल्ज 1984–85 में किया जाना चाहिये था। इस किस्म की बातें करके, इस किस्म की परम्पराएं डालकर हाउस का समय बरबाद नहीं होना चाहिये। दूसरपे मैं आईटम नं0 6 पर भी यह कहना चाहता हूं कि इसको देखने से यह पता चलता है कि लैंड एक्वीजी ान आफिसर्ज किस तरह से गलत अवार्ड अनाउंस करते हैं। अवार्ड अनाउंस करते वक्त वे किसी बात का ध्यान नहीं रखते। गलत तरीके से वे अवार्ड अनाउंस कर देते हैं फिर बाद में उससे तीन गुना या चौगुना जमीन का भाव कोर्ट द्वारा बढ़ा दिया जाता है। आईटम नं0 6 में इसी तरह का जिक्र किया गया है। इनके

आफिसर्ज ने जिस भूमि का अवार्ड 20700 रूपये प्रति एकड़ के हिसाब से दिया था डिस्ट्रिक्ट एण्ड सै ान जज ने उसमें से कुछ भूमि का मुआवजा 43378 रूपये और कुछ का मुआवजा 83490 रूपये प्रति एकड़ के हिसाब से तय किया है। मेरा कहना यह है कि हमें ऐसे अफसरों के खिलाफ सख्त कदम उठाने चाहिये जो लोगों को गलत मुआवजा देकर उनके साथ मजाक करते हैं अैर उनको अदालतों के दरवजो खटखटाने पर मजबूर करते हैं। हम इस पैसे का विरोध नहीं करते अगर यह बजट प्रोपोजल्ज में इसको भी इन्क्ल्यूड कर लेते। इनको इसके लिये सप्लीमैंटरीज नहीं लानी चाहिये थीं। इन डिमांडज को लाने की बजाये यदि बिल्डिंग्ज एण्ड रोडज डिपार्टमैंट की ओर से कोई अच्छी प्रोपोजल्ज लायी जाती तो हम उस पर विचार करते। एक मेरे हल्के में सड़क है। रोहतक से बेरी जाते हुए एक गांव गोच्छी बीच में पड़ता है। उस गांव के अंदर एक किलोमीटर का टुकड़ा पिछले 6 सालों से बरबाद हुआ पड़ा है। यह सरकार जान बूझकर उसको नहीं बना रही हें वहां पर 5–5, 6–6 फुट के गड्ढे पड़ गये हैं। लेकिन सरकार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। कभी कहती है कि हम वहां पर बाई पास बना रहे हैं। वहां के गांव वालों ने इसका विरोध किया तो कहते हैं कि हम गांव के अंदर इस रोड़ की मुरम्मत करवा देंगे लेकिन जब उस सड़क की मुरम्मत के लिये ऐस्टीमेट जाता है तो यह कहत हैं कि इस सड़क को बनाने की जरूरत ही नहीं है। उस गांव का कसूर केवल इनता है कि उसने नवम्बर 1980 में जब चौधरी भजन लाल की जरखरीद गुलाम रहे।

आज सब को डैमोक्रैटिक राईट है। मैं यह कहूंगा कि पोलिटीकल बातों को इग्नोर करते हुए यहां पर सड़क अव य बनानी चाहिये। अगर सरकार इसके लिये सप्लीमैंटरी ऐस्टीमैटस में कुछ प्रोवीजन करती तो हम इसका स्वागत करते और हाउस से यह भी अनुरोध करते कि इनको पास कर दिया जाये। लेकिन गोच्छी गांव के लोगों को जो भी अनुरोध करते कि इनको पास कर दिया जाये। लेकिन गोच्छी गांव के लोगों को जो सड़क नहीं बनाकर दी जा रही है, यह एक घटिया बात है। वह लोकदल का हल्का है। लोक दल के एम0एल0ए0 वहां से चुन कर इस हाउस में आये हुए हैं। लोक दल पार्टी का वह गांव स्वागत करता हे। मैं सरकार से यह कहना चाहता हूं कि उस सड़क से गवर्नमैंट की बहुत सी व्हिकल्ज गुजरती है जो टूट रही हैं। ये व्हिकल्ज पब्लिक फंडज से खरीदी हुई हैं, इन पर तो कुछ रहम करना चाहिये। उनका भी डैप्रिसिए ान बहुत ज्यादा हो रहा है। कम से कम इन पर तो रहम करना चाहिये। चौधरी भजन भजन लाल को जिद्दी रवैया नहीं अपनाना चाहिये बल्कि उसको छोड़ कर प्रजातांत्रिक तीरके से उस सड़क के निर्माण के लिये आदे ा देने चाहियें। अध्यक्ष महोदय, इस सड़क के बनाने के लिये ऐस्टीमेटस कमि नर एण्ड सैक्रेट्री टू गवर्नमैंट, बी0एण्ड आर0 के पास आये हुए हैं। उसको अब रिजैक्ट न करें बल्कि उन पब्लिक व्हिकल्ज पर रहम करते हुए और वहां के रहने वालों की तकलीफों को ध्यान में रखते हुए इस सड़क के निर्माण के आर्डर कर दें। मैं यही प्रार्थना करना चाहता हूं।

सेठ राम दास धमीजा (अम्बाला कैंट): आनरेबल डिप्टी स्पीकर साहब, मैं सप्लीमैंटरी डिमांडज का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं कुछ तजवीज सरकार को देना चाहता हूं और यह प्रार्थना करना चाहता हूं कि जो काम बाकी रह गए हैं उनको पूरा किया जाए। खास तौर पर अम्बाला छावनी में स्कूलों की हालत बहुत खराब है इसलिए इनकी हालत को सुधारा जाएं कई स्कूल्ज ऐसे हैं जिनकी चारदीवारी नहीं है और उनकी छत्तों की हालत बहुत खराब है लेकिन पी0डब्ल्यू0डी0 उनकी तरफ कोई ध्यान नही दे रहा है। अगर कभी छत्त गिर पड़ी तो बच्चे नीचे दब जाएंगे। डिप्टी स्पीकर साहब, अम्बाला छावनी में 1977 में मयुनिसिपल कमेटी बनी थी और इससे पहले वहां कन्टोनमैंट बोर्ड था लेकिन अभी तक म्युनिसिपल कमेटी ने उन स्कूलों पर कोई खास पैसा खर्च नहीं किया। इस साल दो स्कूल अपग्रेड किए गए हैं। डिप्टी स्पीकर साहब, इाईवे पर जगाधरी रोड़ बन रही है। मैंने मांग की थी कि रेलवे स्टे ान से लेकर टांगड़ी तक का तीन किलोमीटर का टुकड़ा ऊंचा कर दिया जास क्योंकि हर हफ्ते कोई न कोई हाद ाा होता हें वहां पर एस0डी0 कालिज है, डी0ए0वी0 कालिज है, सिविल अस्पताल है और उस रोड़ पर लोकल आबादी बहुत बढ़ गई है। वहां पर अन्ध विद्यालय है और सनातन धर्म की दस संस्थाएं हैं। इसलिए उस तीन किलोमीटर के हिस्से को ऊंचा कर दिया जाये। इसके अलावा अब मैं फ्लड के बारे में कहना चाहता हूं। इसके अंदर एक ही भाहर के लिए एक करोड़ रूपया फ्लड के लिए रखा गया है। मेरा कहना यह है कि अगर मेरे भाहर

के लिए दस करोड़ रूपया रख दिया जाए तो हमे ाा के लिए फ्लड की समस्या हल हो सकती है। वहां पर एक नाला है जो सौ साल पुराना है और इससे काफी नुकसान होता है। अम्बाला का नाम फ्लड वाले इलाकों की लिस्ट में आना चाहिए और इसके लिए भी रूपया रखा जाना चाहिए। (ाोर एवं व्यवधान) मैं आपकी तरह नहीं हूं कि चण्डीगढ़ में कुछ बोलूं, दिल्ली में कुछ बोलूं, आन्ध्र में कुछ बोलूं और पंजाब में कुछ बोलूं। हमको भी जवाब देना आता हैं

श्री राम बिलास भार्मा: आन ए प्वायंट आफ आर्डर। डिप्टी स्पीकर साहब, यह इनका बाया डैटा है। ये 1938 से कांग्रेस के लौयल मैम्बर रहे हैं इसलिए इनको मंत्री बनवा दों

सेठ राम दास धमीजा: हम तो आज भी मंत्री से ऊपर हैं डिप्टी स्पीकर साहब, डिमांड नं0 11 अर्बन डिवैल्पमैंट की है। सड़कों की हालत काफी खराब है इसलिए उनके लिए काफी पैसा रखा जाना चाहिए। हमारे यहां हालत यह है कि अगर पन्द्रह मिनट बरसात आ जाए तो बरसात के बाद सड़कों पर इतनी कीचड़ हो जाती है कि वहां से गुजरना मु कल हो जाता है। इसलिए सड़कों की मरम्मत के लिए पैसा रखा जाना चाहिए। इसके बाद सो ाल वैल्फेयर और रिहैबलीटे ान की डिमांड है। डिप्टी स्पीकर साहब, मेरी मांग है कि इसके लिए हल्केवाइज पैसा मंजूर होना चाहिए और अम्बाला छावनी का ख्याल वि ोश तौर पर रखा जाना चाहिए।

श्री हरि चन्द हुडडाः .....

श्री उपाध्यक्षः यह रिकार्ड न किया जाए। (ाोर एव व्यवधान)

श्री हीरा नन्द आर्यः आन ए प्वायंट आफ आर्डर। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपसे प्रार्थना करूंगा कि आप हमारे साथियों को एक एक दो दो मिनट बोलने दें और इसके साथ साथ मैं अपने साथियों से भी प्रार्थना करूंगा कि वे भी समय का ध्यान रखते हुए एक–दो मिनट से ज्यादा न बोलें।

श्री उपाध्यक्षः नहीं। अब फाइनैंस मिनिस्टर साहब बोलेंगे।

वित्त मंत्री (चौधरी कटार सिंह छोकर): उपाध्यक्ष महोदय, 20610705 रूपये की ये सप्लीमैंटरी डिमांडज सदन के सामने रखी गई हैं। इसमे से 11894705 रूपये हमारे खाते से जाएंगे और बाकी का जो 87 लाख कुछ रूपया है वह ऐसा है जो केन्द्र से अनुदान के रूप में गये साल में मार्च के अंत में सरकार को मिला। अब उसका केवल प्रावधान करना है कि वह पैसा आया है और उसको खर्च करना दिखाना है क्योंकि इसक लिए बजट में व्यवस्था नही ंकी गई थी। यह कुल एक करोड 18 लाख और कुछ रूपये ऐसे हैं जो हमारे बजट से और सरकार के खाते से, हरियाणा सरकार से खर्च होने हैं। इसमें से भी एक करोड़ रूपया तो केवल रोहतक में फ्लडज की प्रिवैन् ान के लिए है, बाकी का

जो 18–19 लाख रूपया है उसमें से 7 लाख 50 हजार रूपया दो नये ग्रामीण बैंकों का अम्बाला व हिसार जिलों में भ्रारू किए हैं उनके लिये सरकार को जो भोयर कैपिटल का भाग है वह अनिवार्य होता है, वह दिया गया है। इसी तरह से 8 लाख रूपया कुछ जमीनों का मुआवजा है जो सरकार ने बहुत पहले एक्वायर की थीं। यह मुआवजा बाद में हाई कोर्ट में अपील करने के बाद बढ़ा है। उस वक्त बजट में इसका प्रावधान नहीं किया गया लेकिन लोगों को तत्काल पेमैंट कर दी गई थी। यह पैसा उसका है। बाकी डैथ कम्पनसे ान का 3 लाख 44 हजार रूपया है। गवर्नमैंट व्हीकल्ज से एक दो एक्सीडैंट हुए जिसके कारण लोग कम्पनसे ान के लिए ट्रिब्यूनल कोर्ट में गए और ट्रिब्यूनल ने यह कम्पनसे ान एवार्ड किया। ऐसे केस में भी पेमैंट तत्काल ही करनी पड़ती है इसलिये बजट में इसका प्रावधान नहीं किया जा सका। यह कोई लम्बा चौड़ा खर्चा नहीं है। इससे आप यह अंदाजा लगाएंगे कि एक तरह से यह सारा ही ऐमरजैंसी खर्च है। इसमें कोई भी पैसा ऐसा नहीं है जिस पर एतराज किया जा सके। जो फ्लड की प्रिवैं ान के लिए पैसा मांगा है वह भी ऐमरजैंट खर्चा है। मैं एक बात स्पश्ट करना चाहूंगा कि मेरे कुछ साथियों ने कहा कि एक करोड़ रूपये का रोहतक के लिए प्रावधान किया है और इसको हेल किया कि सरकार ने बहुत अच्छा काम किया है। मैं बताना चाहूंगा कि यह केवल एक करोड़ रूपया नहीं है बल्कि 4 करोड़ 17 लाख रूपये का प्रावधान है। एक करोड़ रूपया तो ऐसा है जिसका पहले प्रावधान नहीं किया गया था क्योंकि उस

वक्त हमारे पास ऐस्टीमेटस नहीं थे या कम ऐस्टीमेटस थे। बाद में जो ऐस्टीमेटस आए और स्कीम आई तो वह टोटल 4 करोड़ 17 लाख रूपए की आई। पहले हमने इसके लिए 3 करोड़ 17 लाख रूपये बजट में रखे थे लेकिन बाद मे यह एक करोड़ रूपया और ऐमरजैंट हालत में देना पड़ा। दस लाख रूपया हमने मार्च में दिया और बाकी का 90 लाख रूपया बाद में दिया। वह टोटल स्कीम 4 करोड़ 17 लाख रूपए की है और वह भी केवल रोहतक के लिए और किसी भाहर के लिए नहीं है। यह एक करोड़ रूपया इसलिए मांगा जा रहा है ताकि लेखा जोखा बराबर हो। मेरे साथियों ने अपने क्षेत्र की या स्टेट की कुछ कमी बेि ायां जो उनकी निगाह में हैं के बारे में कुछ बातें कहीं उस बारे में मैं थोड़ा सा जवाब देना चाहता हूं। डा0 मंगल सैन जी ने कुछ बातें कहीं कि यह पैसे का प्रावधान तो कर दिया लेकिन यह देखना होगा कि कन्ट्रैक्टर्ज और सरकारी अधिकारी इसका सही उपयोग करें और भाहर में सड़कें और नालियां बनाते बहुत देर हो गई। रोहतक के बारे में पिछली बार भी बहुत चर्चा रही क्योंकि पिछले साल वहां फ्लड आए थे। वहां पर बहुत काम किए गए हैं जैसे सड़कों का और ड्रेनेज की सफाई वगैरह का।

श्रीमती बसन्ती देवीः डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। आप आज भी रोहतक भाहर में जाकर देख लें अगर कोई सड़क ठीक हो तो कहें। वह पैसा कहां खर्च हुआ है यह हमें नहीं पता।

चौधरी कटार सिंह छोकरः मैं बहिन जी को झुठला नहीं सकता लेकिन मैंने रोहतक में सड़कें ऊंची होती हुई खुद देखी हैं। मैं यह नहीं कह सकता कि सारे भाहर की सड़कें ऊंची की गई हैं लेकिन चारों तरफ सड़कें ऊंची करने का काम मैंने खुद देखा है। मैं यह नहीं कहता कि सारे जिले के सड़कें ऊंची कर दी गई हैं। इतना काम एक दम नहीं हो सकता।

श्री हीरा नन्द आर्यः उपाध्यक्ष महोद, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। पहले सड़क बना दी जाती हैं फिर सीवरेज बिछाने के लिए सड़क को तोड़ना भुरू कर देते हैं और उसके बाद फिर सड़क बनाते हैं। फिर उसके बाद घरों में पानी वगैरह का कनैक ान देने के लिए फिर सड़क खोदनी पड़ती हैं अगर पहले सीवरेज बिछा दिया जाए तो बहुत सारा खर्चा बच सकता है।

चौधरी कटार सिंह छोकरः उपाध्यक्ष महोदय, आर्य साहब को टैकनीक को अपनान तो बहुत मु कल है। अगर कोई घर में सीवरेज का कनैक ान न लो तो कैसे होगा। बाद में जब कोई कनैक ान के लिए एप्लाई करेगा तो सड़क तो तोड़नी ही पड़ेगी।

बैठक का समय बढ़ाना

Mr. Speaker: If the House agrees, the sitting be extended by half an hour because there are alsop two Bills

which are to be discussed and I would request the Hon. Members to finish the agenda within thie stipulated time.

Voices: Yes.

Mr. Deputy Speaker: The time of the sitting is extended by half an hour.

वर्श 1984–85 के सप्लीमैंटरी ऐस्टीमेट्स (पहली कि त) पर चर्चा तथा मतदान (पुनरारम्भ)

चौधरी कटार सिंह छोकर: उपाध्यक्ष महोदय, जो अधिकारियों की कमी बे ाी के बारे में कहा गया है। यह बहुत ही जनरल औरतों वाली बात कही गई है। इन्होंने कहा कि कहीं ऐसा न हो कि काम ठीक ढंग से न हो और पैसे का सदुपयोग न हो, इस बारे में मैं मैम्बर साहेबान से यही कहूंगा कि अगर कोई खास बात उनके ध्यान में हो, कोई अधिकारी कोताही कर रहा हो या गड़बड़ कर रहा हो या कोई कन्ट्रैक्टर मैटिरियल का मिसयूज कर रहा हो तो सरकार के नोटिस में लाएं। उसकी बाकायदा जांच हो सकती है और उसकी रैंमेडी भी हो सकती है। ऐसा बिल्कुल नहीं होने दिया जाएगा। सरकार हर वक्त चौकस रहती है। इनको ऐसी एप्रीहैंन ान नहीं होनी चाहिए। वाटर सप्लाई की प्रौब्लम जो रोहतक में है वह मुख्य मंत्री जी नोटिस में है क्योंकि उनके पास पब्लिक हैल्थ विभाग है। उनके नोटिस में है कि वहां पर एक और वाटर सप्लाई का वर्कस बनाया जाए। उसके बाद म्यूनिसिपल

कमेटियों के इलैक ान के बारे में बात आई। कहा गया है कि अगर कमेटियों में चुने हुए लोग आ जाएं तो वे अच्दी तरह से देखभाल कर लेंगे। यह मामला पिछले साल भी सरकार के विचाराधनी था लेकिन कुछ बाधाओं के कारण नहीं हो सका। सो ाल वैलफेयर के बारे में कहा गया कि मैटाडोर खरीदी गई लेकिन कहीं नजर नहीं आई।

13.00 बजे।

यह पैसा हरिजनों को दिया गया है। डाक्टर साहब हरिजनों के बहुत नजदीक नहीं रहते हैं क्योंकि हरिजन तो गांवों में रहते हैं। अगर डाक्टर साहब गांवों में जाएं तो इनको मालूम हो जाएगा कि यह पैसा हरिजनों में ही तकसीम हुआ है और भाहरों के एफयूलिएंट तक नहीं गया है।

श्री फतेह चन्द विजः डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। मंत्री महोदय जवाब तो दे ही रहे हैं और पानीपत के ही रहने वाले हैं। पानीपत के बारे में इन सप्लीमैंटरी एस्टीमेटस में जिक्र है। इसलिए यह भी बता दें कि जिन लोगों को जमीन एक्वायर की जाती है। जमीन एक्वायर करते समय उवनकी जमीन का रेट बहुत कम लगाया जाता है। उसके बाद लोग अदालतों में चले जाते हैं और अदालतों से कम्पनसे ान का पैस बढ़ जाता हैं इसलिए मैं मंत्री जी को कहना चाहूंगा कि वे इस बारे में कोई इंस्ट्रक ांज जारी कर दें कि जिस वक्त लोगों

की जमीन एक्वायर की जाती है उसी वक्त उसका ठीक रेट लगा दिया जाए ताकि लोगों को अदालतों में न जाना पड़ें इन सप्लीमैंटरी एस्टीमेटस में पानीपत के होस्पीटल के लिए जो जमीन एक्वायर की गई थी उसके बारे में जिक्र है। जिस समय उस होस्पीटल के लिए जमीन ऐक्वायर की गई थी उस समय वहां पर 100 रूपय गज की जमीन थी लेकिन सरकार ने वह 60 रूपए गज के हिसाब से ऐक्वायर की थी। लोग अदालतों में गए और उनको कुद पैसा बढ़ा। इसलिए मैं मंत्री जी को कहना चाहता हूं कि वे जमीन एक्वायर करते समय रेट ठीक लगोन के बारे में इंस्ट्रक ान्ज जारी करें ताकि लोगों को तकलीफ का सामना न करना पड़ें आपको पता ही है कि यहां कम्पनसे ान के बारे में हर रोज जिक्र आता रहता है।

चौधरी कटार सिंह छोकरः डिप्टी स्पीकर साहब, पानीपत होस्पीटल के लिए आज से 15 साल पहली जमीन एक्वायर की गई थी। पहले उस जगह पर खेत थे लेकिन अब भाहर बस गया है। माननीय सदस्य की यह बात ठीक है कि लोगों को उनकी जमीन का मुआवजा कुछ कम दिया जाता है और लोग अदालतों में जाच कर कम्पनसे ान के लिए अपील कर देत हैं। अदालतों से उनक पैसा बढ़ जाता है। पहले रेवेन्यू के हिसाब से जमीन के कम्पनसे ान का माप करते थे अब उसमें कुछ ढील दी गई है। कम्पनसे ान देने के बारे में अब सरकार की पालिसी बदल चुकी है और केन्द्र सरकार ने इस बारे में एक कानून पास

कर दिया है कि एग्रीकल्चरल लैंड को जहां तक हो सके ऐक्वायर न किया जाए। इसके अलावा पिछले सै ान में भी बताया गया था कि जिस आदमी की जमीन ऐक्वायर की जाए उसको उसकी जमीन का मुआवजा मार्किट वैल्यू के हिसाब से देने की कोि ा ा की जाए और यही कोि ा ा की जाती है कि उसको जमीन की मार्किट वैल्यू के हिसाब से पैसा मिले। ये तो पुराने केस हैं जिनके बारे में यहां पर चर्चा हुई है नए केस नहीं हैं।

श्रीमती बसन्ती देवीः डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है जो रोहतक के ऐडमिनिस्ट्रेटर साहब हैं, उन्होंने इस साल एक नई कार खरीदी है। कुछ दिन पहले ही पुरानी कार की ओवरहालिंग पर लगभग 20 हजार रूपए खर्च किए गए थे लेकिन फिर भी नई कार खरीद ली। रोहतक भाहर में उनको नई कार खरीदने की क्या जरूरत थी ?

चौधरी कटार सिंह छोकरः डिप्टी स्पीकर साहब, नई सरकारी कार खरीदने के लिए कुछ नियम बने हुए हैं। यह देखा जाता है कि पुरानी कार कितने मील चली है और इसमें कितना खर्चा आता है। अगर रोहतक भाहर में ऐडमिनिस्ट्रेटर साहब ने नई कार खरीदी है तो उसके बारे में वहां पर कोई प्रस्ताव हुआ होगा। जरूरत के मुताबिक ही कार खरीदी जाती है। यदि पुरानी कार पर ज्यादा खर्च आता है और नियम के हिसाब से जितनी मील चलनी चाहिए उतनी चल चुकी है तो नई कार खरीद ली जाती है और पुरानी कार को नीलाम कर दिया जाता है। इसके

अलावा आर्य साहब ने रीहैबलीटे ान के बारे में कहा कि राइट आफ अपील नहीं है। इन्होंने डिमांड के हैंडिंग में रीहैबलीटे ान पढ़ लिया इन्होंने यह नहीं पढ़ा कि यह डिमांड किस चीज के बारे में है। सो ाल वैलफेयर और रीहैबलीटे ान इकट्ठा ही हैंडिंग लिखा जाता है। यह रीहैबलीटे ान के बारे में डिमांड नहीं है। अगर फिर कभी रीहैबलीटे ान के बारे में कोई डिमांड आएगी तो उसका विस्तार से जवाब दे दिया जाएगा। इसके अलावा माननीय सदस्यों ने जनरल सी बातें कहीं हैं। एक बात एक माननीय सदस्य ने कही कि मेरा इलाका पहाड़ी इलाका है वहां पर हरिजनों को हाउसिंग फैसिलिटीज दी जाए, गरीब तबके को भी हाउसिंग फैसिलिटीज दी जाए। डिप्टी स्पीकर साहब, कमजोर तबके को चाहे वह भाहर में है और चाहे देहात में है हाउसिंग की फैसिलिटीज सब जगह दी जाती है। इसके अलावा चौधरी धीर पाल जी ने मिसयूज आफ फण्डज की बात कही। मैं यह कहना चाहूंगा कि इनको यह फोबिया हो गया है कि फण्डज का मिसयूज किया जा रहा है। यदि माननीय सदस्य कोई पर्टीकुलर इंस्टांस बताएंगे तो उसकी जांच की जा सकती है। मेरे विरोधी पक्ष के जो साथी मिसयूज आफ फण्डज की बात कहते हैं। यह बात उनके जहन में बैठ गई है। यह उनके जहन से बाहर निकलीन बहुत मु कल है। इसके अलावा चौधरी धीरपाल जी ने यह भी कहा कि रोहतक के लिए जो एक करोड़ रूपया दिया गया है। यह बड़ी खु ी की बात है लेकिन वहां पर कोई इम्प्रूवमैंट नहीं हुई है। यह ठीक है कि वहां पा र्यिल ऐग्जीक्यू ान हुई है, फेजिज में

ऐग्जीक्यू ान हुई है। इनके कहने का मतलब यह था कि एक साथ काम नहीं हो पाया है। मैं इनको बताना चाहूंगा कि एक साथ सारा काम नहीं हो सकता। उस ड्रेन की जो कैपेसिटी है उसको बढ़ाना है। इस समय उसमें पानी का कितना डिस्चार्ज होता है और पानी ज्यादा डिस्चार्ज करनै के लिए उसको बढ़ाने में काफी समय लगेगा। इसके अलावा माननीय सदस्यों ने जो बातें कहीं हैं वे सारी ध्यान में रखी जाएंगी और उन्हें कंसर्न्ड डिपार्टमैंट्स को भेज देंगे।

Mr. Deputy Speaker: Question is –

That a supplementary sum not exceeding Rs. 15700000 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year eneding 31st March, 1985 in respect of Demand No. 11- Urban Development.

The motion was carried.

Mr. Deputy Speaker: Question is –

That a supplementary sum not exceeding Rs. 3016000 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year eneding 31st March, 1985 in respect of Demand No. 13- Social Welfare and Rehabilitation.

The motion was carried.

Mr. Deputy Speaker: Question is –

That a supplementary sum not exceeding Rs. 750000 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year eneding 31st March, 1985 in respect of Demand No. 17-Agriculture.

The motion was carried.

बिल्ज –

(1) दि महर्शि दयानन्द यूनिवर्सिटी (अमैंडमैंट) बिल, 1984

श्री उपाध्यक्षः मुझे श्री हीरा नन्द आर्य एम0एल0ए0 की आरे से महर्शि दयानन्द यूनिवर्सिटी (अमैंडमैंट) आर्डिनैंस, 1984 (हरियाणा आर्डिनैंस नं0 7 आफ 1984) की डिसएप्रूवल का नोटिस मिला हैं अगर हाउस सहमत हो तो हाउस का टाईम सेव करने के लिये डिसएप्रूवल के नोटिस पर और बिल की कंसिड्रे ान मो ान पर इकट्ठा विचार कर लिया जाए। डिस्क ान के बाद इनकी मो ांज पर अलग अलग मतदान होगां

आवाजें: ठीक है जी।

श्री मंगल सैनः डिप्टी स्पीकर साहब, मैंने भी इस बिल की डिसएप्रूवल का नोटिस दिया था।

श्री उपाध्यक्षः डाक्टर साहब, आपका नोटिस टाईम पर नहीं आया था। इसलिए वह रिजैक्ट हो गया है लेकिन फिर भी आप इस पर बोल सकते हैं।

श्री मंगल सैनः डिप्टी स्पीकर साहब, मैंने अपना नोटिस टाईम पर दिया था। कहीं डाक में मिसप्लेस हो गया होगा। स्पीकर साहब ने मेरे से दोबारा लिखवाया है।

श्री उपाध्यक्षः डाक्टर साहब, आपका नोटिस रिजैक्ट हो गया है लेकिन आप इस पर बोल सकते हैं।

श्री मंगल सैनः ठीक है जी।

श्री उपाध्यक्षः अब श्री हीरा नन्द आर्य अपनी मो ान मूव करें।

श्री हीरा नन्द आर्यः उपाध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं –

कि यह सिदन महर्शि दयानन्द वि विद्यालय (सं ाोधन) अध्यादे ा, 1984 (1984 का हरियाणा अध्यादे ा सं0 7) का निरनुमोदन करता है।

श्री उपाध्यक्षः प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ –

कि यह सिदन महर्शि दयानन्द वि विद्यालय (सं ाोधन) अध्यादे ा, 1984 (1984 का हरियाणा अध्यादे ा सं0 7) का निरनुमोदन करता है।

Minister of State for Education (Sh. Jagdish Nehra): Sir, I beg to move-

That the Maharshi Dayanand University (Amandment) Bill be taken into consideration at once.

Mr. Deputy Speaker: Motion moved-

That the Maharshi Dayanand University (Amandment) Bill be taken into consideration at once.

श्री हीरा नन्द आर्य (लोहारू): उपाध्यक्ष महोदय, मैंने इस बिल की डिसएप्रूवल के लिए जो नोटिस दिया है। मैं उासके समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। इस बिल के एम्ज एंड औबजैक्टस में जो रीजंज दिए हैं उनके हिसाब से देखा जाए तो इस समय जो महर्शि दयानन्द यूनिवर्सिटी में वाइस चांसलर काम कर रहे हैं, उनको अक्तूबर 1977 में लगाया गया था। ट्रैजरी बैंचिज के भाई कहेंगे कि जिस वक्त आपकी सरकार यानि जनता पार्टी की सरकार थी, उस वक्त इनको लगाया गया था। इस बात को स्वीकार करने में कोई संकोच नहीं है कि जहां पर सरकार से अनेक भूलें होती हैं वहां पर यह भूल भी हमारी सरकार से इनको वाईस चांसलर एप्वायंट करने की हुई। इस भूल को स्वीकार करने में हम संकोच नहीं कर रहे। जिस समय हमें यह आभास हुआ कि

यह गलत काम हुआ है तो हमने अपनी गलती को माना। जिस प्रकार से वह व्यक्ति यूनिवर्सिटी को तबाह कर रहा है उसे बारे में हाई कोर्ट के अंदर चौधरी भजन लाल जी ने भी कहा है कि यदि यह व्यक्ति यूनिवर्सिटी का वाईस चांसलर रहेगा तो सारी ि ाक्षा तबाह हो जायेगी। यह उनके कथन के अनुसार है मैं अपनी तरफ से नहीं कह रहा। इन्होंने जो एम्ज एण्ड औबजैक्टस दे रखें हैं इसके अनुसार इस बिल में 1980 में और 1982 में दो बार अमैंडमैंट करनी पड़ी। उस वक्त हाई कोर्ट ने यह फैसला किया था कि जिस वक्त उनकी एप्वायंटमैंट की गई थी उसके मुताबिक दो टर्म यानी तीन साल के बाद तीन साल की और ऐक्सटैं ान देने की मोटे तौर पर अंडर स्टैंडिंग दी गई थी। लेकिन जब केस होई कोर्ट के बाद सुप्रीम कोर्ट में चला गया तो इन्हौंने बाद में आपस में मिल कर क्या फैसला लिया और क्या मेल मिलाप किया यह समझ में नहीं आया। डिप्टी स्पीकर साहब, यदि होई कोर्ट के फैसलै को देखें तो अक्तूबर 1977 से 6 साल लें तो ये 6 साल 1983 में पूरे हो जाते हैं। आज ये जो भी कुछ करने जा रहे हैं उसके बारे में मेरी यह राय है कि यह सब राजनीति से प्रेरित है। आर्डिनैंस राजनीतिक और मैलाफाइड क्यों है इसके बारे में भी मैं आपको बताना चाहूंगा। हमारे एक साथी चौधरी बलवीर सिंह ग्रेवाल ने हाई कोर्ट में एक रिट वाईस चांसलर के खिलाफ उनको हटाने के लिए की थी। डिप्टी स्पीकर साहब, यदि इनकी उसको हटाने की नीयत साफ होती तो उसको अक्तूबर 1983 के बाद क्यों नहीं हटाया गया ? आज हाई कोर्ट के फैसले को आए भी 11

महीने के करीब हो गए हैं लेकिन इन्होंन कानू में तरमीम लोने की क्यों जरूरत नहीं समझी ? अब 11 महीने के बाद अचानक क्या जरूरत पड़ गई ? मैं यह भी कहना चाहूंगा कि हाई कोर्ट में रिट इन्फ्रैक्चुअस हो जाये इसलिये इनको यह आर्डिनैंस जारी करना पड़ा। वरना कोई जरूरत नहीं पड़ती। यह मैलाफाइड इस आधार पर है कि आज उसको इनफ्रैकचुअस करने के लिए इन्होंने यह आर्डीनैंस जारी किया। यह जो आर्डीनैस किया है यह राजनीतिक तौर पर सैटलमैंट करके ही किया गया है। यदि सही मायनों में देखा जाये तो वह यूनिवर्सिटी का वाईस चांसलर न होकर राज सत्ता का एक केन्द्र आफिस बन कर रह गया है। वह कैम्पस भी ि ाक्षा का केन्द्र न बन करके राज सत्ता का एक अड्डा बन गया है जिसका उदाहरण मैं आपको दूंगा। पीछे सोनीपत सीट के लिए लोक सभा का उप चुनाव हुआ था। उस वक्त चौधरी हरद्वारी लाल जी ने जगह जगह पर सारी विपक्षी पार्टियों के विरूद्ध जात पात की बातें करके गलत तरीके से प्रचार किया। इस प्रचार की इनकी तरफ से पूरी छूट दी हुई थी। मैं इस बात को मानता हूं कि वह इलैक ान परपजिज के लिए इनके लिए अवायडएबल न हो। यह बात हो सकती है कि यह वाईस चांसलर चुनाव परपजिज के लिए अवायडएबल न हो लेकिन मैं यह नहीं मानता कि कोई भी वाईस चांसलर खुले रूप से किसी पार्टी का समर्थन करे। किसी पार्टी के इलैक ान में हिस्सा ले। कोई भी व्यक्ति सर्विस में रहते हुए ऐसा नहीं कर सकता।

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (चौधरी भाम ेर सिंह सुरजेवाला): एक तरफ तो आप कह रहे हैं कि यह वाईस चांसलर इलैक ान परपजिज के लिए अवायडएबल न हो और दूसरी तरफ कह रहे हैं कि वह इलैक ान में हिस्सा क्यों ले रहे थे। यदि कोई वाईस चांसलर इलैक ान के लिए अवायडएबल नहीं होगा तो फिर वह किसी भी पार्टी में रह कर अपना काम कर सकता है।

श्री हीरा नन्द आर्य: जहां तक इलैक ान रूल्ज की बात है, उसके बारे में मैं कह रहा था। लेकिन जो व्यक्ति सर्विस में हैं उनके भी तो रूल्ज हैं। सर्विस में रहते हुए कोई भी व्यक्ति इलैक ान में भाग नहीं ले सकता। चौधरी हरद्वारी लाल भी तो वाईस चांसलर होते हुए एक ऐम्पलाई हैं।

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): कुछ अदायरे ऐसे होते हैं कि जिन पर एम्पलाइज वाले रूल्ज लागू नहीं होते और उनको इलैक ान आदि में भाग लेने पर पाबंदी नहीं होती।

श्री हीरा नन्द आर्य: यदि वाईस चांसलर ऐम्पलाई नहीं हो तो जो उच्च अधिकारी हैं उन पर यह पाबन्दी क्यों है ? वे यूनिवर्सिटी के अंदर रोहतक जिले के गांवों के सरपंचों की पंचायत बुलाते हैं और उनके साथ इलैक ान के बारे में मीटिंग करते हैं।

चौधरी भाम ेर सिंह सुरजेवाला: यदि वह मीटिंग बुलाता है तो लोग क्यों जाते हैं ?

श्री हीरा नन्द आर्य: चौधरी भजन लाल जी और इनके कांग्रेस (आई) के प्रधान जहां कहीं भी जाते हैं उनको बुलाते हैं और वे इनका प्रोपोगण्डा करते हैं और इ तहार आदि निकालते हैं। जो सच बात होती है उसको कहने में मैं कोई संकोच भी नहीं करता। वे एक बहुत ही तेज तर्रार व्यक्ति हैं।

चौधरी भजन लाल: आप तो मंत्री रहे हैं। उनके बारे में आपको अच्छी तरह से पता होगा।

श्री हीरा नन्द आर्य: मैं मंत्री था इसीलिए तो मुझे अच्छी तरह से जानकारी है। जब में मंत्री था तो मंत्री के तौर पर मैंने फाईल पर जो लिखा है उस पर यदि जांच की जाए तो उसको ब्रह्मा भी नहीं बचा सकता।

प J पालन राज्य मंत्री (चौधरी लाल सिंह): आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। जब ये मंत्री थी और वे वाईस चांसलर थे तो उन्होंने इनको अपने कमरे में भी नहीं घुसने दिया था। (विघ्न) जब यह मंत्री थे तो कुछ करते नहीं थे। अब ये यहां जो असैम्बली में मौजूद नहीं हैं उनके खिलाफ बोल रहे हैं।

श्री हीरा नन्द आर्य: उसकी क्या मजाल थी कि वे मुझे कमरे में न घुसने दें ? मैंने तो मंत्री रहते हुए अपना काम ठीक प्रकार से किया था। रूल्ज के हिसाब से जब तक यूनिवर्सिटी को जो पैसा दिया गया उसका यूटेलाईजे ान सर्टिफिकेट नहीं आ जाता तब तक उसको और ग्रांट नहीं दी जा सकती। मैंने अपने

समय में ऐसा किया। जब उन्होंनें ग्रांट के लिए कहा तो मैंने कहा कि पहले पिछली ग्रांट के यूटेलाईजे ान सर्टिफिकेट दिखाओ। मैंने तो मंत्री रहते हुए कानूनी एतराज लगाये थे। उस समय उन्होंने मेरे पैरों को हाथ लगाया था और मेरी ठोढ़ी पकड़ कर कहा था कि मेरी इज्जत का ख्याल रखें।

चौधरी लाल सिंहः आप कह रहे हैं कि मेरे पैरों को उन्होंने हाथ लगाया जबकि उन्होंने तो आपको कमरे में ही नहीं घुसने दिया था।

श्री राम बिलास भार्माः डिप्टी स्पीकर साहब, चौधरी लाल सिंह जी भजन लाल जी के कैबिनेट के मंत्री हैं। इनको आप थोड़ा सा समझाइए कि ये बीच में न बोलें। अभी तो रायपुर रानी का मामला मास्टर ि ाव प्रसाद जी के सामने हैं।

चौधरी लाल सिंहः वह मामला तो खत्म हो गया। जो भी मामला उस समय इन्होंने उठाया था वह वोटें लेने के लिए उठाया था।

श्री हीरा नन्द आर्यः उपाध्यक्ष महोदय, मैंने तो रायपुर रानी का का जिक्र किया है और न ही इनके सुपुत्र के कार्यकलापों का जिक्र किया है। ये तो वैसे ही उखड़ रहे हैं। मैंने तो कुछ कहा ही नहीं। डिप्टी स्पीकर साहब, चौधरी हरद्वारी लाल जी मेरे से उम्र में बड़े हैं, मैं उनकी इज्जत करता हूं लेकिन जो ये कह रहे हैं कि मेरे को उन्होंने मंत्री होते हुए कमरे में नहीं घुसने

